हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 29 नवंबर 2025



### एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर डटे रहे प्रदर्शनकारी

# चाकूबाजी के विरोध में दो घंटे तक चक्काजाम, कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बुधवार रात शहर के बीच मानव मंदिर चौक पर हुई चाकूबाजी के मामले में पुलिसिया कार्रवाई को लेकर हिंदू संगठन और घायल युवक के परिजनों में आक्रोश नजर आया। जिसका विरोध जताने बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार के साथ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से एक रैली निकाली और मानव मंदिर चौक पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते यहां चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मौके पर एसपी अंकिता शर्मा को बुलाने की मांग करते रहे। करीबन दो घंटे तक एसपी के मौके पर नहीं पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारी पैदल मार्च करते एसपी दफ्तर पहुंचे, जहां उन्होंने एसपी को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञात हो कि बुधवार की देर रात मानव मंदिर चौक स्थित लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में मोती तालाब पार निवासी युवक अनूप यादव पर शांतिनगर निवासी आरोपी महफूज शेख द्वारा धारदार चाकू से प्राणघात हमला करते गले पर कई वार किए गए। इसके बाद मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को आधे घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इस पुलिस कार्रवाई से असंतुष्टि जाहिर करते पीड़ित परिजनों के साथ हिंदू संगठन के लोगों ने रैली निकाली और चक्काजाम कर दिया। इस दौरान पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते आरोपी युवक को सुरक्षित राजनांदगांव जिला जेल की बजाय डोंगरगढ़ जेल में दाखिल किए जाने के मामले में आक्रोश जताया।

### आरोपी को मिलेगी कड़ी सजा

आरोपी को किसी भी तरह का संरक्षण नहीं है, उसने जो कृत्य किया है, उसके अनुसार उसे सजा भी मिलेगी। - **राहुल देव शर्मा**, एएसपी

### मानव मंदिर चौक में महिलाओं ने घेरे रखा रास्ता, पुलिस के खिलाफ नारेबाजी





### कड़ी कार्रवाई होने का दिलाया भरोसा

पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर एसपी अंकिता शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान एसपी ने आरोपी के खिलाफ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी दी। वहीं पीड़ित परिवार को कड़ी कार्रवाई करके आरोपी को सजा दिलवाने का भरोसा दिलाया।

### शहर में भय का माहौल

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू ने कहा कि इस वारदात से शहर में भय का माहौल है। जानलेवा हमला करने के बाद आरोपी ने लक्ष्मी मेडिकल स्टोर में मौजूद लोगों को गवाही देने पर ऐसी ही सजा देने की चेतावनी दी। वहीं पुलिस ने आरोपी को राजनांदगांव की बजाय डोंगरगढ़ शिफ्ट कर दिया। जिससे पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल है।

### कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने मामले में मुस्लिम समाज के युवक द्वारा हिंदू समाज के युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले को लेकर हिंदू असुरक्षा और कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। चक्काजाम करते मौके पर एसपी को बुलाने मांग की गई। पीड़ित परिवार की महिलाओं ने सड़क पर पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करते अपनी चूड़ियां उतारकर फेंकी। इसके बाद सभी एसपी कार्यालय पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते पुलिस अधीक्षक से आरोपी के खिलाफ कड़ी करवाई करने मांग की।

### आरोपी को सुरक्षित रखने का आरोप

प्रदर्शन के दौरान पीड़ित परिजनों के साथ यादव समाज और हिन्दू संगठनों द्वारा मांग की गई कि आरोपी युवक का पुलिस को शहर में जुलूस निकाला जाना था। जिससे अपराधियों के मन में खौफ बनता, लेकिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे डोंगरगढ़ जेल में डाल दिया। घायल युवक के पिता राजेश यादव ने कहा कि आरोपी युवक के पिता पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर हैं, इसलिए पुलिस ने कड़ी कार्रवाई नहीं की। यह कोतवाली थाना का मामला होने के बाद भी आरोपी को अन्य जगह रखकर सुरक्षित कर दिया गया।

### जिले में पकड़ाया 4.66 करोड़ का अवैध धान

# किसानों ने कहाः कोचियों पर एक्शन जरूरी था, अब तक 109 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अवैध धान के खिलाफ जारी प्रशासन की कार्रवाई को अब किसानों ने सही ठहराया है। किसानों का कहना है कि कोचिये किसानों की आड़ में धान बेचकर मुनाफा कमाते हैं, लेकिन इसका अधिक फायदा अन्नदाता को नहीं होता है। ऐसे में कोचियों पर एक्शन होने से अब किसान अपनी उपज सरकार को बेच पाएंगे।

ज्ञात हो कि अब तक जिले में 109 मामले में अवैध धान के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। जिसमें लगभग पौने पांच करोड़ रुपए का धान पकड़ा जा चुका है। खास बात यह है कि हर बार की तरह इस बार केवल महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से आने वाले धान पर नजर नहीं रखी जा रही है, बल्कि कोचियों द्वारा पिछले साल एवं मंडी से खरीदा धान खपाने की कोशिश को भी रोका जा रहा है।



### 8 मामले में पकड़ा 374 क्विंटल धान

कोचियों के खिलाफ जारी अभियान के तहत शुक्रवार को भी जिले में आठ प्रकरण पर कार्रवाई की गई है। इन आठ मामलों में कुल 374 क्विंटल धान जब्त किया गया है। जिसकी लागत लगभग 11.61 लाख रुपए है। ज्ञात हो कि अब तक जिले में 109 मामले में 4.66 करोड़ रुपए का 15 हजार क्विंटल धान जब्त किया जा चुका है। वहीं 7 वाहन भी जब्त कार्रवाई के दौरान किए गए हैं।

### आधी रात चेकपोस्ट पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आधी रात जिले में अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए बनाए गए डोंगरगढ़ विकासखंड के अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाव का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को अन्य राज्यों से आने वाले सभी वाहनों की जांच कर रजिस्टर में एण्ट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध धान परिवहन की निगरानी करते कार्रवाई निरंतर जारी रखें। एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव को चेकपोस्ट में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए।

## अवैध रूप से धान परिवहन करते पकड़ाए

**मोहला।** अवैध रूप से धान परिवहन किए जाने के मामले में कार्रवाई करते 350 बोरी धान एवं दो कोचिया से 29 क्विंटल धान जब्त किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार सुघघर जन सुरक्षित जिला अभियान के तहत आपराधिक गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते अवैध धान परिवहन करते ट्रक जिसमें 350 कट्टा धान वजनी 126 क्विंटल को महाराष्ट्र के ब्राम्हपुरी से राजनांदगाव ले जाते एवं ग्राम पेंडलकुही के धान कोचिया विष्णु साहू से 10 क्विंटल, सुरेश कुमार तारम से 19 क्विंटल धान चिल्हाटी पुलिस एवं तहसीलदार अनुरिमा टोप्पो की संयुक्त टीम द्वारा पकड़कर वैधानिक कार्रवाई कर जब्त किया गया है।

**राजनांदगांव।** चक्रवात दितवाह के असर के चलते अंचल में कल से तापमान में वृद्धि देखने को मिल सकती है। विभाग के अनुसार कल के बाद न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक का इजाफा संभव है। जिससे ठंड कम होगी।

### माय एंगल




# कंपनी के खिलाफ ग्रामीण लामबंद जनसुनवाई को रद्द करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में प्रस्तावित श्री सीमेंट परियोजना के खिलाफ अब ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने इस प्रस्तावित परियोजना का विरोध जताते 11 दिसंबर को आयोजित जनसुनवाई को रद्द करने की मांग की है। ग्रामीणों ने इसको लेकर एक ज्ञापन भी अपर कलेक्टर को सौंपा है।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों का कहना है कि श्री सीमेंट द्वारा प्रस्तावित जनसुनवाई के लिए तैयार की गई ईआईए यानि पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट में परियोजना से जुड़ी अधूरी जानकारी दी गई है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त रिपोर्ट में परिवेशी वायु गुणवत्ता, प्रत्याशित पर्यावरणीय प्रभाव एवं अपशिष्ट उपचार संयत्र से जुड़ी जानकारी को छुपाने का प्रयास किया गया है। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी कहा कि ईआईए रिपोर्ट उनकी ग्राम पंचायत को अंग्रेजी में उपलब्ध कराई गई है। जबकि नियम अनुसार स्थानीय भाषा में रिपोर्ट देनी होती है।

### मुआवजा की जानकारी नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना के तहत 404 हेक्टेयर भूमि चिन्हांकित की गई है, परन्तु प्रभावित ग्राम में भूमि अधिग्रहण-विस्थापन और पुनर्वास-पुनस्थापना जैसे विषय का उल्लेख नहीं है। वहीं उक्त परियोजना के तहत 13 जल स्त्रोत प्रभावित होंगे। इनमें 1 नदी, 8 केनाल और चार नाले शामिल हैं। जबकि पहले ही जिला भू-जल संकट से जूझ रहा है। वहीं परियोजना के तहत 100 केएलडी भू-जल से पानी लिया जाना प्रस्तावित है। भू-जल दोहन की अनुमति का भी उल्लेख रिपोर्ट में नहीं है।

### 96 लोगों को खरीदी केंद्रों में ऑपरेटर की नौकरी दी थी

# रिश्वत लेकर ऑपरेटर की नौकरी दी! 15 दिन में सभी को निकाल दिया, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के मौसम में एक बार फिर बड़ा रोजगार घोटाला सामने आया है। राजनांदगांव जिले में मार्कफेड द्वारा धान उपार्जन केंद्रों के लिए भर्ती किए गए 96 कम्प्यूटर ऑपरेटरों को महज 15 दिन बाद अचानक हटा दिया गया। पीड़ित युवाओं ने गंभीर आरोप लगाया है कि नौकरी दिलाने के नाम पर निजी प्लेसमेंट कंपनी और बिचौलियों ने उनसे 30 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपए तक वसूले थे। अब अचानक बेरोजगार हुए ये युवा गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और शासन-प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार धान खरीदी शुरू होने से ठीक पहले पुराने कम्प्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर चले गए थे। इससे उपार्जन कार्य प्रभावित न हो, इसलिए मार्कफेड ने तत्काल प्रभाव से 96 नए कम्प्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती का निर्णय लिया। इसके लिए एक निजी कंपनी बीआईएस को जिम्मेदारी सौंपी गई। कंपनी ने एक ही दिन का प्रशिक्षण देकर युवाओं को विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में तैनात कर दिया। अधिकांश युवा स्थायी नौकरी की आस में पुरानी निजी नौकरियां तक छोड़कर आए थे, लेकिन जैसे ही पुराने ऑपरेटरों की हड़ताल खत्म हुई, मार्कफेड ने निजी कंपनी का अनुबंध अचानक रद्द कर दिया और नए भर्ती सभी 96 ऑपरेटरों को बिना किसी नोटिस हटा दिया गया। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें न तो कोई लिखित नियुक्ति पत्र दिया गया था और न ही कोई पूर्व सूचना। अचानक बेरोजगारी की मार झेल रहे युवा अब सड़क पर हैं।



### एडवांस में ली रकम

सबसे गंभीर आरोप यह है कि नौकरी की सूचना आते ही निजी कंसल्टेंसी फर्म और बिचौलियों का जाल बिछ गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई युवाओं से 30 हजार से 50 हजार रुपए तक की रकम एडवांस में ली गई और बाकी राशि ज्वाईनिंग के बाद देने का लालच दिया गया। कुछ ने तो कर्ज लेकर यह रकम जमा की थी। अब न नौकरी रही, न पैसे वापस आए।

### एफआईआर की मांग

पीड़ित युवाओं ने कलेक्टर से मांग की है कि ठगी करने वाली निजी कंपनी और बिचौलियों पर तुरंत एफआईआर दर्ज हो। वसूली गई राशि वापस दिलाई जाए और सभी को पुनः नियुक्ति दी जाए या उचित मुआवजा दिया जाए। जिले में सामने आए इस घोटाले ने बेरोजगारी की मार झेल रहे छत्तीसगढ़ के युवाओं में भारी रोष पैदा कर दिया है। प्रशासन अभी तक खामोश है, लेकिन युवाओं का गुस्सा सड़कों पर दिख रहा है।

### नौकरी बची ना पैसा

किरगी धान खरीदी केंद्र में नियुक्त हुए थानेश्वर प्रसाद ने बताया कि बीआईएस कंपनी के जरिये नौकरी मिली थी। हमें बिना नियुक्ति पत्र दिए काम में भेज दिया गया था। जैसे ही पुराने लोग काम पर लौटे, हमें निकाल दिया गया। नौकरी में लगाने के नाम पर मौली कंसल्टेंसी फर्म ने मुझसे डेढ़ लाख रुपए मांगे और 30 हजार रुपए एडवांस जमा करवा लिए। उधार में ये रुपए लेकर आया था, अब न नौकरी रही न रुपए।



## खबर संक्षेप

### नव पदस्थ प्राचार्य ने संभाला पदभार

**छुईखदान।** उच्चतर माध्यमिक शाला उदयपुर में संजय कुमार वर्मा ने प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया। श्री वर्मा इससे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग में दायित्वों का निर्वहन कर रहे थे। शिक्षा विभाग में उनके अनुभव, कार्यकुशलता और उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए उन्हें पदोन्नति दी है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने आत्मीय स्वागत किया। सभी शिक्षकों ने श्री वर्मा का सम्मान करते हुए उनके नेतृत्व में विद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुशासनात्मक प्रगति के प्रति सकारात्मक अपेक्षा व्यक्त की। श्री वर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वह विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों की गुणवत्ता उन्नयन तथा शिक्षकों के लिए बेहतर शैक्षिक वातावरण निर्माण करने का प्रयास करेंगे।



### मितानिनों का सरपंच ने किया सम्मान

**सड़क चिरचारी।** ग्राम पंचायत बागरेकसा में मितानिन दिवस मनाकर मितानिन दीदियों का सम्मान गया। कार्यक्रम में सरपंच पवन नंदेश्वर, पंचायत सचिव बालकिशन चंद्रवंशी, बहल कंवर, अंबाबाई, अक्तूराम कंवर, सुनैनाबाई, समनलाल, विष्णु मंडावी, भोजलाल मंडावी आदि शामिल हुए। सरपंच श्री नंदेश्वर ने मितानिनों को सम्मान स्वरूप श्रीफल और शॉल भेंट किया।



### गलत जानकारी देने पर हो सकती है कार्रवाई

**मोहला।** मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण गत 4 नवम्बर से शुरू है। निर्वाचन प्रक्रिया को सही और पारदर्शी बनाने के लिए निर्वाचकों को गणना प्रपत्र का वितरण लगभग पूरा किया जा चुका है। वर्तमान में गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य जारी है। इस संबंध में जनसामान्य से अनुरोध किया गया कि यदि कोई व्यक्ति मृत है, या भारतीय नागरिक नहीं है, या उसका नाम निर्वाचन सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैए तो उसे गणना प्रपत्र में सही दे। । इसके अलावा किसी भी व्यक्ति को जानबूझकर गलत जानकारी देने या जो जानकारी वह जानता है या मानता है कि वह सत्य नहीं है, देने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

### महिला संरक्षण पर टेलीफिल्म का प्रदर्शन

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में 27 नवंबर को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर की अध्यक्षता में महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं तथा अतिथि व्याख्याताओं ने महिला उत्पीड़न अधिनियम अंतर्गत शपथ लिया। तत्पश्चात लघु फिल्म एवं साइबर सुरक्षा हेतु पीपीटी प्रदर्शित की गई। मुख्य अतिथि अधिवक्ता टोपेश देवांगन थे। सर्वप्रथम प्राचार्य ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल कानूनी दायित्व ही नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक संस्था का दायित्व है कि वह सुरक्षित, सम्मानजनक एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराए। मुख्य अतिथि ने कार्यस्थल पर होने वाले लैंगिक उत्पीड़न, उसकी रोकथाम, शिकायत निवारण तथा कानून द्वारा उपलब्ध सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। कंचन साहू ने पास्को एक्ट अंतर्गत नाबालिग के साथ होने वाले दुर्व्यवहार से बचाव की जानकारी दी।



### कॉन्फ्लूएंस कॉलेज में संविधान दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राजनांदगांव की एनएसएस इकाई द्वारा संविधान दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता, कर्तव्यों का बोध और संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत ''संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन एवं शपथ ग्रहण'' के साथ हुआ। जिसमें छात्रों एवं स्वयंसेवकों ने लोकतांत्रिक आदर्शों को निभाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम की शुरूआत करते एनएसएस प्रभारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारतीय नागरिकों की आत्मा है, जिसे समझना और जीवन में लागू करना हर युवा का कर्तव्य है। संविधान दिवस शपथ के बाद पर्यावरण संरक्षण दिवस की शपथ लेकर छात्रों ने महाविद्यालय के आसपास स्थानों पर वृक्षारोपण एवं सफाई अभियान चलाया। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर एवं गांव पार्रीकला के आसपास संविधान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने नए भारत के निर्माण, समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय के संदेश वाले नारे लगाकर ग्रामीणों को संवैधानिक मूल्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, संविधान क्विज प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

---

### एसआईआर में सामने आ रही रोचक जानकारी, एक ही नंबर के कई मकान

# सूची में नाम, मतदान भी किया अब ढूंढे नहीं मिल रहे मतदाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

## सही जानकारी देने से कतरा रहे लोग

मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया शुरू होने के साथ पूर्व में बरती गई लापरवाही परत दर परत सामने आने लगी है। जिस मतदाता सूची के आधार पर नगर पंचायत के चुनाव कराए गए थे उसमें एक हजार से अधिक ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज है जिनका मकान नम्बर शून्य है।

जानकारी के अनुसार नगर के विभिन्न वार्डों की मतदाता सूची में मतदाताओं के जो मकान नंबर दर्शाए गए है वह काफी हैरान करने वाले हैं। वार्डों की मतदातासूची में एक ही नम्बर के एक से अधिक मकान है वहीं कई मतदाताओं को अन्य के घर का रहवासी बता दिया गया है। नगर के वार्ड पांच की मतदाता सूची के पहले पन्ने से ही त्रुटि साफ झलकने लगती है। पूरी सूची में एक नंबर के पांच मकान होना दर्शाया गया। सूची के पहले पन्ने में मकान नंबर एक में तीन मतदाता का निवास होना बताया गया गया तो पेज नम्बर सात में इसी मकान नंबर में चार अन्य मतदाता निवास करते हैं। एक नंबर के एक अन्य मकान में तीन अन्य वोटरों का नाम दर्ज है। एक नम्बर के मकान में अलग अलग जाति के कुल 10 वोटर होने का उल्लेख है।

### कुंवारी भी- शादीशुदा भी

एसआरआई प्रक्रिया के दौरान वह महिलाएं सर्वाधिक संकट में दिखाई दे रही है जिन्होंने अंतरजातीय विवाह किया है और उन्हे 2003 की जानकारी के साथ पिता का नाम दर्ज करना पड़ रहा है जिसमें कई का नाम मेल नहीं हो रहा है। इसी प्रकार कई महिलाएं शादीशुदा होने के बाद महतारी वंदन योजना का लाभ उठा रही है किन्तु गणना पत्रक में पति के नाम का उल्लेख करने से परहेज कर रही है जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वह शादीशुदा हैं या अविवाहित।



### बाहर के वोटरों का नाम शहर में

एसआरआई प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची की गड़बड़ी भी सामने आ रही है। शहर की मतदाता सूची में कई ऐसे मतदाताओं के नाम दिखाई दे रहे है जिनका पता महासमुंद, डोंगरगढ़, करेला, तुमड़ीबोड़, दर्ज है किन्तु उनका नाम शहर की वोटर लिस्ट में दिखाई दे रहा है। शहर के प्रत्येक वार्ड में दर्जनों ऐसे मतदाता हैं जिनके नाम पर सूची में है किन्तु बीएलओ को नहीं मिल रहे है और आसपास के लोग उनके बारे में बता नहीं पा रहे है। बताया जाता है कि गायब मतदाताओं में बड़ी संख्या में वह लोग शामिल है जो निकाय चुनाव में मतदान तो करते है और फिर गायब हो जाते हैं।

### पति- पत्नी अलग-अलग

वोटर लिस्ट में बड़ी लापरवाही यह भी सामने आ रही है पति-पत्नी, पिता- पुत्र, पुत्री को अलग अलग मकान में निवासी होना बताया गया। एक भाजपा नेता और उसकी पत्नी का नाम अलग अलग नंबर के मकान में दर्ज है। वहीं एक अन्य भाजपा नेता के मकान में दो ऐसे मतदाताओं का नाम है जिनका उनका कोई रिश्ता नहीं है। इसी नेता की बेटी के नाम का उल्लेख ऐसे मकान में है जिसमें महेश्वरी, जैन, कुंभकार समाज के लोगों का निवास होना दर्शाया है। इसी प्रकार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और उसकी पत्नी, बेटे का नाम भी अलग अलग मकान में दर्ज है। शहर कांग्रेस के नेता और उनके परिवार का नाम किसी अन्य परिवार के साथ दर्ज है।

---

### भागवत कथा में बताया श्री राम-कृष्ण नाम जप को कलियुग का आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में प्रवचन करते हुए भागवताचार्य वीरेन्द्र वैष्णव ने व्यासपीठ से कहा कि कलियुग में भगवान श्री राम और श्री कृष्ण के नाम का जप ही मोक्ष का सरल एवं सर्वोत्तम मार्ग है। उन्होंने नाम-महिमा को विस्तारपूर्वक समझाते हुए भक्तों को सत्संग व भक्ति में निरंतर जुड़े रहने की प्रेरणा दी। छोटे राजा बाड़ा, छुईखदान में 25 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक आयोजित इस कथा में कलश यात्रा, भागवत महात्म्य, गौकरण कथा, परीक्षित जन्म, शुकदेव प्राकट्य, सृष्टि वर्णन, मनु-सतरूपा चरित्र, कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत प्रसंग, अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र और गजेन्द्र मोक्ष जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों को सरल भाषा में सुनाया जा रहा है। कथा में परीक्षित रूप में श्रीमती लतारानी लाल जेके वैष्णव ने भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अध्यात्म लाभ लेने की अपील की है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु राधे-राधे एवं जय श्री गोपाल के उद्घोष के साथ भक्तिमय वातावरण में कथा श्रवण कर रहे हैं। बच्चे भी उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं।



#### विशेष प्रसंग

29 नवम्बर को नन्द उत्सव, वृन्दावन लीला, माखन चोरी, मथुरा गमन, रुक्मणी मंगल, 30 नवम्बर को द्वारका लीला, सुदामा चरित्र, 1 दिसम्बर को परीक्षित मोक्ष, गीत पाठ, तुलसी वर्षा, हवन एवं महाप्रसाद वितरण कथा का वाचन गुरुकुल श्रीधाम वृन्दावन में शिक्षित, धमतरी निवासी भागवताचार्य वीरेन्द्र वैष्णव द्वारा किया जा रहा है।

---

### जनसुनवाई के समर्थन में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

■ 11 दिसम्बर को होगी जनसुनवाई

प्रस्तावित श्री सीमेंट खनन परियोजना को लेकर 11 दिसंबर को आयोजित जनसुनवाई के समर्थन में ग्रामीणों ने जिलाध्यक्ष को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि परियोजना शुरू होने से क्षेत्र औद्योगिक मानचित्र पर नई पहचान स्थापित करेगा तथा युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध होगा। ग्रामीणों ने बताया कि कंपनी द्वारा जनसुनवाई के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज ग्राम पंचायत में हिंदी एवं अंग्रेजी में उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही कंपनी के प्रतिनिधि ग्रामवासियों से लगातार संपर्क कर परियोजना से संबंधित सभी जानकारी और प्रश्नों के उत्तर दे रहे हैं। कंपनी ने पर्यावरणीय एवं वैधानिक सभी नियमों के पालन का आश्वासन भी दिया है।

### एसआईआर पर बैठक में गहन चर्चा



**डोंगरगांव।** एसआईआर पर भाजपा की विधानसभा स्तरीय बैठक का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की उपस्थिति में किया गया। बैठक में विधानसभा अंतर्गत आने वाले पांचों मंडलों के पदाधिकारी शामिल हुए। वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष श्री राजपूत, विधानसभा प्रभारी दिनेश गांधी, विधानसभा के बीएलओ 1 गुलशन हिरवानी मौजूद थे। संयुक्त बैठक में जिलाध्यक्ष श्री राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गांधी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, जिला महामंत्री डीकेश साहू, जिला उपाध्यक्ष लहरवानी, रविन्द्र वैष्णव, रामकुमार गुप्ता, जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यद्, अंजू त्रिपाठी, जनपद अध्यक्ष रंजीता पड़ौती, मनीष साहू, विवेक मंडावी, पार्षद पुरुषोत्तम साहू, लीलाराम मंडलोई, कोमल साहू, लक्ष्मी सेन, पद्मिनी ठाकुर, गायत्री यादव, निर्मला मालेकर, दुर्गेश रामटेके, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, महामंत्री हेमंत चोपड़ा, संतोष यादव, महेश्वर साहू, योगेश पटेल, भुवन साहू, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, विजय जैन, तुमड़ीबोड़ अध्यक्ष जागेश्वर यदु, लालबहादुर नगर मंडल मनोज वर्मा, मुसरा -मुरमुन्दा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, रमजान बडगुजर, अरूण जैन, दयानंद सेन, वीरेंद्र साहू, भावेश निक्की, सतीश पांडेय, हेमलाल वर्मा, भीषन कुमार, कुंती आल्हा, सुशीला ठाकुर, नीलम मानिकपुरी, प्रकाश गुप्ता, गौरव यदु, वैभव ठाकुर, चंदू सोनकर आदि ने शिरकत की।

### कठिन परिश्रम से ही जीवन में उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

■ नए छात्रावासियों का स्वागत

पोष्ट मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में गत दिनों कार्यक्रम आयोजित कर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि भूतपूर्व छात्रावासी एवं बालोद के जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर थे। श्री ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि जीवन में उलपब्धि हासिल करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति, कठिन परिश्रम एवं त्याग के साथ आदर्श चरित्र एवं मधुर व्यवहार आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद गोटे ने की। कार्यक्रम में भूपेन्द्र मंडावी, विद्याभूषण उपारे, नंदकिशोर अमरिया, अमर पुरामे, अनिल मंडावी, नरेन्द्र तारम, ज्योति मंडावी सहित अन्य शामिल हुए।



#### विद्यार्थी जीवन का करें सदुपयोग

मुख्य अतिथि श्री ठाकुर ने विद्यार्थी जीवन के महत्व एवं उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोई भी उपलब्धि हासिल करना असंभव नही है किन्तु सफलता हासिल करने के लिए त्याग आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सीख देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन के हर पल का सदुपयोग करेंगे तो हमारे आने वाला कल सुखमय एवं उज्ज्वल होगा। अध्यक्षता कर रहे श्री गोटे ने विद्यार्थी जीवन को महत्वपूर्ण बताते हुए इसका सदुपयोग करने को कहा। विशिष्ट अतिथि विद्याभूषण उपारे ने विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र का धरोहर बताया। इस दौरान भूपेन्द्र मंडावी, नंदकिशोर अमरिया, अमर पुरामे, अनिल मंडावी, नरेन्द्र तारम ने जीवन की महत्ता पर प्रकाश डाला।

अतिथियों एवं छात्रावासी विद्यार्थियों ने पोष्ट मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में पहली बार प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया।

### छात्रों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**अर्जुनी।** ग्राम संपर्क अभियान के तहत यूनिसेफ एवं रासेयो छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में सुरक्षित पारा एवं सुरक्षित लइकामन कार्यक्रम अंतर्ग ग्राम पंचायत अर्जुनी में डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ.आशाराम साहू, प्रियंकी गजभिए के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वास्थ्य, पोषण आहार, स्वच्छता, नशा मुक्ति, गुडटच- बैडटच के बारे में नुक्कड़ नाटक, देशी खेल के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया। बाल संरक्षण अंतर्गत बालश्रम, शिक्षा का महत्व, नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराने रैली निकालने के साथ नारा लेखन किया। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच जाकर संबंधित विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर, प्रधान पाठक वीआर गजभिए, थानसिंह साहू, सरपंच ललिता साहू ने शिरकत करते हुए सस्वयं सेवकों के कार्य की सराहना की। आयोजन में स्वयं सेवक सरस कुमार, आकाश बोरकर, अविनाश साहू, सत्यम वैष्णव, नोमेश्वरी साहू, सरस्वती बंधे, रेशमी साहू, पुष्पांजलि माली आदि शामिल हुए।



### छात्र-छात्राओं ने संविधान रक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य ने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना में वृद्धि करना है। डॉ प्रदीप जांबुलकर ने कहा कि द्वारा डॉ.अंबेडकर भारतीय संविधान के जनक हैं। भारत का संविधान मौलिक सिद्धांतों का समूह है। इस अवसर पर स्टाफ एवं विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ आशा चौधरी, डॉ आरआर कोचे, एचआर पद्में, नीलम चतुर्वेदानी, गुलशन सिन्हा, डॉ नीता राजपूत, डॉ नौशिन अंजुम, डॉ सपना परिहार, डॉ हजारे अनिमा मिंज, नीलम सिन्हा, मनीषा भेड़िया, एवलाल मेश्राम, झरना साहू, मीनाक्षी साहू, मंजू धनकर आदि शामिल हुए।




#### रैली निकालकर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

डॉ आम्बेडकर विद्यालय में बुधवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवंता तुरे के निर्देशन में बच्चे रैली निकालकर तहसील प्रागंण पहुंचे जहां डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। विद्यालय में श्री तुरें, अविनाश ब्राम्हणकर, आर मोहने, एम गजभिये, बी पोद्दार, एस पटेल, टी भावे, डी दुतारा, एव यादव, जे बनाफर, पी बोर्ड, आर सक्सेना, प्रेरणा भास्कर, त्रिला सिन्हा आदि ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया। एम गजभिये ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कविता पाठ किया। छात्र- छात्राओं ने गीत भाषण प्रस्तुत किया। श्री तुरें ने संविधान उद्देशिका का वाचन किया। संचालन एम ब्राम्हणकर ने किया।

---

### कांग्रेस ने सात दिनों की दी मोहलत, आंदोलन की चेतावनी

# कांग्रेस ने अनियमितता, अव्यवस्था पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में लगातार हो रही दुर्घटनाओं और अव्यवस्थित यातायात पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में पीडब्ल्यूडी और पुलिस विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने अगले सात दिनों में अपेक्षित सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

उन्होंने बताया कि शहर में लगातार दुर्घटना होने के बाद मांगपत्र सौंपा था जिसमें सुबह 6 से रात 11 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, स्पीड ब्रेकर का निर्माण, साइन बोर्ड लगाने, ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था करने की मांग की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने केवल खानापूर्ति करते हुए कुछ कदम उठाए, किन्तु समस्या जस के तस बनी हुई है। अध्यक्ष चेतावनी देते हुए कहा कि 7 दिनों के भीतर सभी मांगों पर कार्यवाही नहीं की जाती, तो कांग्रेस उग्र प्रदर्शन करने मजबूर होगी।

## पहले भी व्यवस्था को लेकर हो चुका प्रदर्शन

#### भवन ध्वस्त करने पर आपत्ति

उन्होंने कालका पारा टूरिस्ट लॉज पार्किंग के सामने स्थित भवन को ध्वस्त करने पर आपत्ति जताया है। इस भवन के जीर्णोद्धार में लाखों रूपए खर्च करने के बाद ध्वस्त कर दिया गया। इस मामले को लेकर विलास जांबुलकर ने आवेदन देकर जांच की मांग किया था। इसी प्रकार वार्ड एक में कन्या शाला के सामने निर्मित सामुदायिक भवन के संबंध में भी विस्तृत जानकारी मांगी गई है। कांग्रेस ने लाखों के डस्टबिन खरीदी और वितरण पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के नाम पर भारी भरकम राशि खर्च करने के बाद भी बछेरा भाटा क्षेत्र में कचरे का पहाड़ लगातार बढ़ते जा रहा है।



#### पालिका पर भी निशाना

उन्होंने नगर पालिका पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि अनियमितता के अलावा टेंडर प्रक्रियाओं में कथित गड़बड़ी, भवन निर्माण में फर्जीवाड़ा के मामले सामने आ रहे हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 7 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो नगर पालिका के खिलाफ सड़क पर आकर प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि 9 नवंबर को जारी इनटक वेल एट राउलकसा वर्टील ट्यूब पंप टेंडर में भारी गड़बड़ी की गई है। प्रारंभिक टेंडर में राशि 30 लाख थी जिसे बढ़ाकर 2,01,49,608 रुपए कर दिया गया। इस संदिग्ध वृद्धि की शिकायत एसोसिएट इंटरप्राइजेज, राजनांदगांव ने की थी। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि यदि यह त्रुटि थी, तो क्या सभी ठेकेदारों को संशोधित सूचना भेजी गई? उन्होंने मामले की जांच होने तक वर्क आर्डर जारी नहीं करने की मांग की है।

### प्रांतीय कला उत्सव में किरगी प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

छत्तीसगढ़ स्तरीय कला उत्सव का आयोजन गत दिनों राजधानी रायपुर में किया गया। एनसीईआरटी शंकरनगर में आयोजित कार्यक्रम में उच्चतर माध्यमिक शाला किरगी की छात्रा गुंजा पटेल, गरिमा यादव, ज्योति मंडावी एवं यीशु यादव ने सामूहिक आदिवाली नृत्य सेवा जोहार मेंमनभावन प्रदर्शन किया। उन्होंने अन्य जिलों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए राज्य स्तरीय कला उत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ छात्राओं के शाला पहुंचने पर सम्मान किया गया। यह छात्राएं आगामी 22 से 24 दिसंबर तक पुणे में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कला उत्सव में शिरकत करेंगी। विजेता छात्राओं को प्राचार्य एनएल कमरिया, कार्यक्रम प्रभारी केआर खेलवाड़े, एके आल्हा, के ठाकुर, आरके साहू, एमआर साहू, नूतन चंद्राकर, आरआर साहू, डीके ऊइके, भारती साहू, भूमिका लाडेश्वर, एस देहारे, एन भुआर्य, श्री चंदेल, हितेश ने बधाई दी है।

RJGN_BHOOMI_28_2025-03_Layout 1 28-11-2025 22:39 Page 1



## खबर संक्षेप



### राज्य में प्रथम बीसी सखी नागेश्वरी सम्मानित

**मोहला।** बिहान योजना अंतर्गत डिजिटल फाइनेंस सेवाओं में उल्लेखनीय कार्य कर रही मुकादहा की बीसी सखी नागेश्वरी सिन्हा को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संचालक अश्वनी देवांगन ने सम्मानित किया है। पिछले छह माह में 24 लाख 52 हजार 100 रुपए से अधिक का डिजिटल लेनदेन करते हुए उन्होंने लगभग 50 हजार की आय अर्जित किया। उत्कृष्ट कार्य के आधार पर उन्होंने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह सम्मान उन्हें गत दिवस न्यू सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय डिजिटल फाइनेंस कार्यशाला एवं सम्मान समारोह में प्रदान किया गया।

### औंधी धान खरीदी केंद्र में पिछले साल का धान जाम



**मोहला।** धान खरीदी केंद्र औंधी में किसानों की मेहनत और समय का सम्मान करने के बजाय यहां बदइंतजामी का ढेर दिखाई देता है। हालात इतने खराब हैं कि तौल-कटाई से लेकर भंडारण तक की हर व्यवस्था चरमराई हुई है। किसानों का आरोप है कि केंद्र में हमालों की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें खुद ही बोरी ढोने और तौलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बोरियों की सिलाई के लिए जरूरी सामग्री तक उपलब्ध नहीं है। वहीं छल्लियां नहीं होने और जगह के अभाव के कारण खरीदी का काम बाधित हो रहा है। किसानों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण खरीदी केंद्र परेशानियों का अड्डा बन गया है। पिछले वर्ष के लगभग 760 क्विंटल धान का अब तक उठाव नहीं हुआ है। यह धान आज भी गोदाम में रखा है और उसका डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) तक जारी नहीं किया गया है। पुराने स्टॉक के ऐसे अटके रहने से इस वर्ष की खरीदी पर भी असर पड़ रहा है। किसानों की मांग है कि जल्द से जल्द केंद्र की व्यवस्थाएं दुरूस्त की जाए। हमाल, छल्लियां और पर्याप्त जगह उपलब्ध कराई जाए तथा पुराने धान का उठाव कर खरीदी कार्य को सुचारू बनाया जाए।

### स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने शहर में निरीक्षण जारी

# नगर निगम की टीम ने सड़क में गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना

## प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने एवं निगम सीमांतर्गत संक्रमण बीमारी फैलने की आशंका को देखते होटलों, खोमचे, फल व सब्जी दुकानों आदि के लाईसेंस निरीक्षण, सड़े-गले खाद्य पदार्थों को नष्ट करने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पर कार्रवाई करने एवं भवनों की जांच हेतु टीम गठित की गई है।

उक्त टीम द्वारा निरीक्षण कर साफ-सफाई के अभाव व प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत गुरुवार को मनोकामना भवन में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम के बारात के दौरान सड़क में पार्टी पापर बिखेरने के अलावा गोल बाजार पास सड़क में बिल्डिंग मटेरियल रखने तथा गुडाखू लाइन में फल दुकान के पास गंदगी फैलाने पर संबंधितों से 5-5 सौ रुपए अर्थदंड वसूली की गई।

### साफ सफाई के निर्देश

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एवं उनकी टीम के सदस्यों द्वारा डेयरी, फल-सब्जी, होटलों, भवनों आदि की निरंतर जांच कर साफ-सफाई, लाईसेंस आदि के अभाव तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर अर्थदंड लगाया जा रहा है। साथ ही डेंगू-मलेरिया जैसे संक्रामक बीमारी से बचाव के लिए टीम द्वारा सड़कों, मोहल्लों व घरों के आसपास गंदगी फैलाने, मलमा रखने वालों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई की कड़ी में टीम द्वारा तीन अलग-अलग स्थानों पर गंदगी फैलाने तथा मटेरियल रखने वालों पर कार्रवाई किए।



### सड़क में बिल्डिंग मटेरियल, संबंधित के खिलाफ कार्रवाई

मनोकामना भवन में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम के बारात के दौरान सड़क में पार्टी पापर फैला देख कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने निर्देशित किए। जिसके परिपालन में संबंधित से 5 सौ रुपए जुर्माना वसूला गया। इसी प्रकार सुबह बाजार क्षेत्र विजिट के दौरान आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने सड़क में बिल्डिंग मटेरियल रखा देख तथा फल दुकान के सामने गंदगी फैला देख संबंधितों पर कार्रवाई करने कहा। निर्देशानुसार निगम की टीम ने गोलबाजार के पास सड़क में बिल्डिंग मटेरियल रखने तथा गुडाखू लाइन फल दुकान के सामने कचरा फैलाने पर संबंधित से 5-5 सौ रुपए जुर्माना वसूला।

### सार्वजनिक भवन का करें निरीक्षण

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य अमला से कहा है कि वैवाहिक एवं सार्वजनिक भवन आदि की समय-समय पर निरीक्षण करें और गंदगी फैलाने पर कार्रवाई करें। इसी प्रकार सड़क में गंदगी फैलाने व मलमा रखने पर भी मलमा मडप के तहत कार्रवाई करें। उन्होंने डेयरी, होटलों, खोमचों एवं फल-सब्जी व्यवसायियों से अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई करने, खाद्य सामग्री को ढंककर रखने, ताजा खाद्य सामाग्री का विक्रय करने के साथ-साथ भवनों आदि में साफ-सफाई रखने कचरा निर्धारित स्थान में फेंकने, घरों के आसपास व सड़क में मलमा नहीं रखने की अपील की है। उन्होंने आम जनता से अपने घरों व घरों के आसपास साफ-सफाई रखने, ताजा खाद्य सामग्री का उपयोग करने की अपील की है।

# बिना जांच मिल रही रिपोर्ट, नगर निगम का किया घेराव



**राजनांदगांव।** नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन के माध्यम से सर्दी, खांसी, हाथ-पैर दर्द जैसे सामान्य उपचार करने वाले लोगों का डाटा एकत्रित कर बिना रक्त जांच किए ही उन्हें जांच रिपोर्ट थमाई जा रही है। इस रिपोर्ट में बीपी, शुगर का फर्जी इलाज और दवाईयां देने का घोटाला किया जा रहा है। इस मामले में आज युवा कांग्रेस नेता ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर निगम का उग्र घेराव किया और फर्जी जांच के खिलाफ कार्रवाई करने राज्यपाल के नाम नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में मरीजों का रक्त सैंपल लिए बिना ही उनकी शुगर, कैल्शियम जैसी ब्लड रिपोर्ट थमा दी जा रही है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विशु अजमानी, हर्ष खोबरागड़े, शुभम कसार, आशीष रामटेके, संदीप सोनी, विनोद बमभोले, डेविड साहू, तौसीफ रजा, संदीप डहरे, राजा यादव, जीत मेश्राम, दीनू साहू, रोहित कोचरे, प्रमोद मारकंडे, आशीष श्रीवास्तव, अंसल श्रीवास्तव, धर्मेंद्र वासनिक, अभी गुप्ता, रौशन परिहार सहित अन्य कार्यकर्ता व पीड़ित नागरिक मौजूद रहे।

### फर्जी रिपोर्ट स्वास्थ्य से खिलवाड़

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अभिमन्यु मिश्रा और प्रदेश सचिव मानव देशमुख ने कहा कि कांग्रेस शासन में मोबाइल मेडिकल यूनिट गरीबों का सहारा था। भाजपा राज में यह फर्जी रिपोर्ट बांटने वाली रिपोर्ट फैक्ट्री बन गई है, बिना सैंपल लिए ही रिपोर्ट देना जनता की सेहत से सीधे खिलवाड़ है।

### दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

युवा नेता पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने ज्ञापन सौंपते कहा कि इस मामले में निष्पक्ष स्पेशल जांच टीम गठित की जाए। वहीं जांच पूरी होने तक मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन की उच्च स्तरीय समीक्षा हो। वहीं दोषी अधिकारियों और निजी एजेंसियों पर कड़ी कानूनी व विभागीय कार्रवाई की जाए। यह घोटाला सिर्फ पैसे की हेराफेरी नहीं, बल्कि गरीब जनता के भरोसे पर सीधा हमला है।

# समारोह में अधिवक्ताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

राजनांदगांव तहसील राजस्व न्यायालय परिसर में अधिवक्ता सम्मेलन में सम्मान समारोह का आयोजन आयोजित किया गया।

उक्त जानकारी देते तहसील अधिवक्ता परिवार के अधिवक्ता पंकज गुप्ता व अशोक श्रीवास ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता एमएल साहू, बृजमोहन जोशी, कामदेव वर्मा व स्वर्णकार के मार्गदर्शन में अधिवक्ता सम्मलेन आयोजित किया गया। जिसमें छग राज्य द्वारा बैरिस्टर छेदीलाल सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता खेमचंद जैन, छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के नवनियुक्त सदस्य प्रशांत तिवारी के सम्मान के साथ-साथ उपभोक्ता फोरम के सदस्य आनंद वर्गीस, वरिष्ठ अधिवक्ता नोटरी जगदीप गरचा, सात बार के कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र कुमार शर्मा का सम्मान किया गया। साथ ही जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष मनोज चौधरी का भी सम्मान किया गया।

### प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

आयोजन का आरंभ प्रज्ञा गुप्ता द्वारा छत्तीसगढ़ी राज्य गीत अरपा पैरी के धार के गायन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन एमएल साहू द्वारा दिया गया। अधिवक्ता अमलेन्दु हाजरा द्वारा खेमचंद जैन, प्रशांत तिवारी सहित अतिथियों का जीवन परिचय दिया। इसके पश्चात वरिष्ठ अधिवक्ता के. जैन, प्रशांत तिवारी, आनंद वर्गीस, जेएस गरचा, महेंद्र कुमार शर्मा का तहसील अधिवक्ता परिवार द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता पंकज गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन बृजमोहन जोशी द्वारा किया गया। उक्त जानकारी अधिवक्ता अशोक श्रीवास ने दी।

# रश्मिदेवी कॉलेज में मना भारतीय संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह कॉलेज और नवीन कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान और आईक्यूएसी के निर्देशानुसार भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने अध्यक्षीय संबोधन में भारतीय संविधान के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र कुमार साखरे ने प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाकर संविधान में उल्लेखित प्रावधानों से अवगत कराया। इस अवसर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, रंगोली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. उमेंद कुमार चंदेल और आभार प्रदर्शन प्रो. सुरेश कुमार आडवाणी ने किया। इस दौरान प्राध्यापक भबीता मांडवी, मनीषा नायक, सृष्टि वर्मा, यशपाल जंघेल, डॉ. परमेश्वरी कुंभज टांडिया सहित समस्त प्राध्यापक व शैक्षणिक स्टाफ मौजूद था।

### संविधान ही सर्वोपरि है : डीजे कंवर

संविधान दिवस पर बढ़ईटोला उ.मा.शा. में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। तालुक विधिक सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से डीजे मोहनी कंवर ने कहा कि हमारे देश में संविधान ही सर्वोपरि है। संविधान की जानकारी छात्रों व आम लोगों को भी होनी चाहिए। उन्होंने संविधान के प्रति जागरूक होने की अपील करते संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को लेकर कहा कि उस महामानव के जीवन संघर्षों कार्यों से हमें सीख लेनी चाहिए कि उन्होंने किस प्रकार शून्य से शिखर तक की यात्रा पूरी की।

पीएलवी गोलूदास साहू ने कानूनी विषयों की जानकारी देते भारत में कानून निर्माण की प्रक्रिया, विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका के कर्तव्य, मौलिक अधिकार, मौलिक कर्तव्य, कानूनी प्रक्रिया, गुड टच-बैड टच, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल मजदूरी, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण, मौलिक अधिकार, मोबाइल के लाभ-हानि सहित अन्य कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान सामाजिक सौहार्द्र, सद्भाव और समानता लाने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

इस दौरान प्राचार्य चंद्रभान साहू, अनामिका ठाकुर, दीप्ति सिकरवार, कमलेश देवांगन, अनिता वर्मा, रानी यादव, दीपिका कंवर, मोनिका देवांगन, सरस्वती कुर्रे, मीनल वाजपेयी, विभा पाटकर, विक्रम देवांगन, जसवंत मंडावी सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### पत्रक 4 के पूर्व करना होगा जमा

# मतदाताओं को गणना पत्रक भरने किया जा रहा जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 का कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र में फ्लेक्स एवं ऑडियो प्रचार वाहन के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं को गणना पत्रक भरने जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही बीएलओ द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2025 की मतदाता सूची के आधार पर सभी मतदाताओं को गणना पत्रक का घर-घर जाकर वितरण किया जा रहा है। यह गणना पत्रक सभी मतदाताओं को भरना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन कार्यालय राजनांदगांव में मतदाता हेल्पलाइन 1950 एवं हेल्पडेस्क की सहायता से मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा दी जा रही है। शिविर का आयोजन कर मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवाया जा रहा है। मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन में उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे, जिनके गणना पत्रक बीएलओ या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होंगे। प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत प्रकाशित मतदाता सूची हेतु दावा-आपत्ति 8 जनवरी 2026 तक प्राप्त की जाएगी। दावा-आपत्ति के निराकरण उपरांत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### मतदाताओं की सहायता की जा रही

मतदाता गणना पत्रक को पूर्ण रूप से भरकर 4 दिसंबर 2025 के पूर्व बीएलओ के पास जमा करना होगा। बीएलओ द्वारा गणना पत्रक भरने में मतदाताओं की सहायता की जा रही है। बीएलओ 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 के बीच प्रत्येक मतदाता के पास अधिकतम तीन बार मतदाता द्वारा भरे गणना पत्रक प्राप्त करने जाएंगे। गणना पत्रक ऑनलाइन पोर्टल **voters.eci.gov.in** के माध्यम से भी भरा जा सकता है। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान वर्ष 2025 में दर्ज मतदाताओं की जानकारी वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान किया जाएगा। इस दौरान मतदाता के स्वयं तथा उनके माता, पिता, दादा व दादी के नाम का मिलान 2003 की मतदाता सूची से हो जाता है, तो ऐसे मतदाताओं को किसी भी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम ऑनलाइन पोर्टल **voters.eci.gov.in** पर सर्च करने के लिए उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता वोटर हेल्प लाईन टोल फ्री नम्बर 1950 में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# सीईओ ने की योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। सीईओ सुरूचि सिंह ने महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं प्रगति लाने जिला अधिकारियों, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते कहा कि स्वीकृत कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायत में आवास चौपाल कराने तथा सभी हितग्राहियों, राजमिस्त्रियों और वेंडरो को बुलाकर उन्मुखीकरण एवं आवास को जल्द प्रारंभ कराकर समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने महात्मा गांधी नरेगा, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जिला अधिकारी, जिला पंचायत के अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सर्व-संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।




# खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय किसान उ.मा.शाला करमतरा में गुरुवार से शाला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ हुआ। जनपद सदस्य टुमनलाल साहू ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को संकेत देकर स्पर्धा की शुरूआत कराई। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि बच्चों में अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने बच्चों को ब्लॉक, जिला एवं प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था प्राचार्य राजेश शर्मा ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि छात्र जीवन में खेल शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। खेल स्पर्धा के तहत कबड्डी, रिले रेस, 100 एवं 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी दिनों में पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में संस्था के व्याख्याताओं संगीता तिवारी, अर्चना साहू, कमलेश्वरी चंदेल, नीलम सिंह, दिव्या वर्मा, लोकेश्वरी देवांगन, रामप्रसाद देवांगन, नंदकुमार पटेल, राकेश साहू, सुरेश कुमार, मनीष शर्मा, योगेंद्र सिंग ठाकुर, तीर्थकुमार सूर्यवाणी, राहुल रावटे तथा स्कूली बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मुक्तिधाम और तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए 2.04 करोड़ स्वीकृत

**राजनांदगांव।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) द्वारा राजनांदगांव जिले के लालबहादुर नगर नगर पंचायत में दो तालाबों तथा मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड़ 4 लाख 42 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के अनुमोदन के बाद सूडा द्वारा इन कार्यों की स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के राज्य प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत इन कार्यों के लिए राशि मंजूर की गई है।

सूडा द्वारा लालबहादुर नगर नगर पंचायत के वार्ड क्र. 15 में आईटीआई तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख 85 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं। नगर पंचायत के वार्ड क्र. 15 में ही छप्पन बांधा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ छह लाख 90 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं।

## महेन्द्र को मिला इंटरनेशनल शेरू क्लासिक बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा में रजत



**राजनांदगांव।** नगर के युवा (दिव्यांग) बॉडी बिल्डर खिलाड़ी चौखड़ियापारा निवासी महेन्द्र यदु ने आने वाले वर्ष में वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में अपने समूह वर्ग से भारत का प्रतिनिधित्व करने का रास्ता साफ कर लिया है। उक्त स्पर्धा के संबंध में राजनांदगांव जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने बताया कि मुम्बई में 21, 22 एवं 23 नवंबर 2025 को इंटरनेशनल शेरू क्लासिक बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता आईएचएफएफ (इंटरनेशनल हेल्थ स्पोट्र्स फिटनेश) द्वारा आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ प्रदेश व राजनांदगांव से ऐसे चुने हुए खिलाड़ी महेन्द्र यदु (दिव्यांग वर्ग) में भाग लेकर अपनी सुगठित मांसपेशियों का प्रदर्शन कर अपने समूह में प्रथम स्थान पर रहे। महेन्द्र यदु के राजनांदगांव आगमन 25 नवंबर को हुआ। इस अवसर पर राजनांदगांव जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों ने फूलमाला, पुष्पगुच्छ भेंटकर मिठाई खिलाकर बाजे-गाजे के साथ महेन्द्र यदु का स्वागत किया। इस स्पर्धा में टीम कोच के रूप में शुभम सोनी, मैनेजर के रूप में सुजल यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जीम के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

## सार समाचार

### 30 को नवागांव मिनी स्टेडियम में महिला खेल स्पर्धा

**राजनांदगांव।** मिनी स्टेडियम बजरंगपुर नवागांव में आगामी 30 नवंबर को सुबह 11 बजे से विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव के तत्वावधान में किया जाएगा। प्रतियोगिता में 10 विभिन्न खेलों में राजनांदगांव विकासखंड की महिलाएं अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। खेलों में एथलेटिक्स के अंतर्गत 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ व तवा फेंक, खो-खो, हॉकी, फुटबाल, व्हालीबाल, कुश्ती, बास्केटबाल, वेटलिफ्टिंग और रस्साकसी आयोजित होंगे। महिला खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत दो आयु वर्ग 9 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल होंगे। उपरोक्त प्रतियोगिता में शामिल होने प्रतिभागियों को अपना आधार कार्ड व पासपोर्ट साईज की फोटो लाना अनिवार्य होगा।

### सुरगी में मनाया गया संविधान दिवस

**राजनांदगांव।** कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी में 26 नवंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित कृषकों के साथ संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया। सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारियों ने साथ में संविधान शपथ का वाचन किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र सुरगी डॉ. गुंजन झा ने सभी को संविधान की शपथ दिलाते मौलिक कर्तव्यों एवं अधिकारों के संबंध में जानकारी दी और संविधान दिवस को फलीभूत करने का आव्हान किया। इस अवसर पर वैज्ञानिक डॉ. अतुल डांगे, डॉ. नूतन रामटेके, अंजली घृतलहरे, मनीष कुमार सिंह, डॉ. योगेंद्र श्रीवास, आशीष गौरव शुक्ला, जितेंद्र मेश्राम सहित कर्मचारी एवं किसान उपस्थित थे।




### पानी जांच के बाद पाया गया साफ

**राजनांदगांव।** ग्राम अंजोरा में विगत दिवस गंदा पानी की शिकायत प्राप्त होने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों के समक्ष ग्राम के पाईप लाइन का निरीक्षण किया गया। जल जीवन मिशन के पूर्व से बिछाई गई पाईप लाइन में लिकेज की समस्या पाई गई। पूर्व की नल जल योजना ग्राम पंचायत को हस्तांतरित है। पाईप लाइन के मरम्मत का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा कर दिया गया है। लिकेज मरम्मत पश्चात पानी जांच हेतु सेम्पल किर्ती ईश्वर साहू, केवलराम साहू एवं बिरेन्द्र साहू के घर का पानी सेम्पल प्राप्त कर लैब जांच किया गया। जांच पश्चात पानी साफ पाया गया है। वर्तमान में पुरानी पाईप लाइन के लिकेज मरम्मत का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा पूर्ण कर दिया गया है एवं सभी घरों में साफ पानी प्रदाय किया जा रहा है।



### फीस लेने के बाद भी आयोजित नहीं कराई परीक्षा

**राजनांदगांव।** ग्राम तिलई स्थित अरविंद कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के संचालक द्वारा फीस लेने के बाद भी परीक्षा आयोजित नहीं करने का मामला सामने आया है। यहां अध्यनरत रहे पीजीडीसीए छात्र ने कलेक्टर और एसपी से ज्ञापन के माध्यम से मामले में कार्रवाई करने मांग की है। ज्ञापन के माध्यम से पीड़ित छात्र शिवम जंघेल ने कहा कि अरविंद कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट से वह डीसीए की पढ़ाई कर रहा था और अभी सेंटर बंद है, जब जाओ तब सेंटर में ताला लगा रहता है। परीक्षा अभी तक नहीं हुआ है। जबकि 10 हजार रुपए फीस भी लिया गया था। कई अन्य ने भी पैसा जमा किया है। वहीं फोन करने पर कॉल भी नहीं उठाया जा रहा है।

**रुपए वापस दिलाने गुहार-** मामले की शिकायत के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने के बाद अब छात्र ने कलेक्टर और एसपी को दिए ज्ञापन के माध्यम से अरविंद कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते रुपए वापस दिलाने गुहार लगाई है।

**कई छात्रों के साथ धोखाधड़ी-** इसी तरह कोहका, तिलई और मोहरा में भी सेंटर संचालित है और इन सेंटरों में भी परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। वहीं पैसा वापस भी नहीं किया जा रहा है। पीड़ित छात्र शिवम जंघेल ने बताया कि इस मामले में उनके द्वारा चिखली पुलिस चौकी में बीते 6 नवंबर को आवेदन देने के बावजूद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### आतंकी हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** एक्सपर्ट जिम समिति के पदाधिकारियों द्वारा 2008 में मुम्बई के होटल ताज में आतंकवादी हमले में शहीद नागरिकों सहित भारत के उन




वीर सपूतों को जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान कर भारतमाता की रक्षा की, ऐसे शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि मोमबत्ती जलाकर एक मिनट का मौन रखकर दी। इस अवसर पर सुपर स्टार अभिनेता धर्मेन्द्र सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते एक्सर्ट जिम के अध्यक्ष ने कहा धर्मेन्द्र सादगी एवं प्रेम का अद्भुत संगम का सरताज रहे, जिन्होंने लोगों को देशी अखाड़ा में व्यायाम करने प्रेरित किया। धर्मेन्द्र अपने यू-टयूब में अपने हमेशा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की बात करते थे। इस अवसर पर मनीष सिंह गौतम, डॉ. रोहन सोनकर, तामेश्वर बंजारे, गोविंद निषाद, गौरव कुमार, शशांक पटेल, लता साहू, वैदेही साहू, नंदनी साहू, पायल रजक, निकिता बंजारे, साक्षी तेजवानी, रेनु रामटेके, खुशाल सिन्हा, युवराज सोनवानी, सुशांत चौबे, आकाश साहू, मनीष वैष्णव, चुरामन रजक, समीर साहू, तरूण साहू, हेमंत यादव, तारजन साहू, रोशन सोनकर, भावेश साहू, लोहित साहू, तानिया बंजारे, एकता बंजारे, लक्ष्य कुमार बंजारे, संध्या बंजारे आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष तामेश्वर बंजारे ने दी।

### बागरेकसा में 117 क्विंटल धान जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों तथा अवैध धान परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ एम. भार्गव के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा ग्राम बागरेकसा में ढालचंद मेश्राम के गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में रखे 117 क्विंटल धान को मंडी अधिनियम के तहत जब्त करने की कार्रवाई की गई।



## क्राईम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक ने दिए निर्देश

# आपराधिक प्रकरण वाले आरोपियों की सूची बनाकर चलाए चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा शुक्रवार को थाना व चौकी प्रभारियों सहित राजपत्रित अधिकारियों की बैठक ली गई। जिसमें निर्देश दिया गया कि आपराधिक प्रकरण वाले आरोपियों की सूची बनाकर नियमित रूप से चेकिंग करें। इसके साथ ही उन्होंने अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बैठक में गुंडा एवं निगरानी बदमाशों की सतत मॉनिटरिंग करते नियमित चेक करने तथा नई प्रविष्टियां जोड़कर गुंडा फाइल को अपडेट करने, नवीन गुंडा फाईल खोलने और सूची तैयार करने, आदतन अपराधियों के मामलों में जिला बदर एवं एनएसए जैसी कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



#### कबाड़ियों की करें चेकिंग

बैठक में उन्होंने कहा कि 2 या उससे अधिक आपराधिक प्रकरण वाले आरोपियों की सूची बनाकर चेकिंग अभियान चलाए। कबाड़ियों की चेकिंग कर अवैध कबाड़ पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण हेतु ज्यादा से ज्यादा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने, लूट, नकबजनी के पूर्व अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया। अपराध के रोकथाम हेतु आर्म्स एक्ट के तहत सख्त और निरंतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### पैदल गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाए

शहर में पैदल गश्त एवं बाइक पेट्रोलिंग बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने कहा गया। शहर में निरंतर संध्या एवं रात्रि पेट्रोलिंग एवं कॉबिंग गश्त अभियान चलाने, अवैध शराब एवं नशीले पदार्थों के विरुद्ध आबकारी एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत अधिक से अधिक कार्रवाई करने, देर रात संचालित होने वाले ढाबा, पानठेला एवं अन्य प्रतिष्ठानों की नियमित चेकिंग कर शराब पिलाने व अवैध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा निर्धारित समय पर बंद कराने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

### आईजी ने किया थाना छुरिया का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य द्वारा थाना छुरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना स्टाफ से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य द्वारा 28 नवंबर को थाना छुरिया पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने थाना में रखे विभिन्न अभिलेख, जब्तीमाल रजिस्टर एवं मालखाना कक्ष, थाना परिसर की साफ-सफाई, जवानों की वेशभूषा, सशस्त्रागार और रिकॉर्ड रूम का विस्तृत अवलोकन किया गया। जिसमें न्यायालय के लंबित जब्ती माल का शीघ्र निराकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। थाना छुरिया का निरीक्षण पर थाना की साफ-सफाई व रिकॉर्ड दुरुस्त पाए जाने पर थाना स्टाफ को नगद राशि से पुरस्कृत करने हेतु प्रतिवेदन भेजने निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक रमेश पटेल सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से शराब बिक्री करते शोले की 31 पौवा पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत चौकी सुरगी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को पकड़कर 31 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सुरगी पुलिस चौकी को 27 नवंबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति ग्राम हल्दी ईट भट्टा जाने का मार्ग में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी अजय कुमार निषाद 29 वर्ष निवासी वार्ड नं. 51 हल्दी के कब्जे से एक प्लास्टिक बोरी में 31 पौवा शोले ब्रांड देशी मदिरा प्लेन कीमती 2480 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया।



## ड्रग्स विभाग ने की मेडिकल दुकानों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस चौकी सुरगी एवं ड्रग्स विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते मेडिकल दुकानों का आकस्मिक चेकिंग किया। इस दौरान दवाईयों की स्टाक सहित अन्य आवश्यक जांच की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में 27 नवंबर को पुलिस चौकी सुरगी और ड्रग्स विभाग की संयुक्त टीम ने चौकी क्षेत्र में स्थित मेडिकल दुकानों पर औचक निरीक्षण अभियान चलाया।



#### दस्तावेजों की जांच

यह आकस्मिक चेकिंग सिंगदई एवं हरदी क्षेत्र की मेडिकल दुकानों में की गई, जहां दवाइयों के स्टॉक, बिल-पुस्तिकाएं, लाइसेंस और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान सभी दुकानों में दस्तावेज, स्टॉक व प्रक्रियाएं नियमानुसार सही पाई गई। किसी भी दुकान में अवैध, प्रतिबंधित या बिना लाइसेंस के दवाइयां नहीं मिली।

#### सीसीटीवी कैमरे के फुटेज सुरक्षित रखे

दुकानों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों, डीवीआर रिकॉर्डिंग सिस्टम और फुटेज की भी जांच की गई तथा फुटेज को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। चेकिंग के दौरान मेडिकल दुकानदारों को दवाओं के सुरक्षित भंडारण, नियमों के पालन और दस्तावेजों को अपडेट रखने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। संयुक्त चेकिंग टीम में निरीक्षक शंकर गिरी गोस्वामी, प्रभारी पुलिस चौकी सुरगी एवं चौकी स्टाफ, हीरेंद्र पटेल, एडिशनल ड्रग्स कंट्रोलर, निकिता श्रीवास्तव, ड्रग्स इंस्पेक्टर, प्रवीण कुमार चौबे शामिल थे।

## नवागांव हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पूर्व में शहर के बजरंगपुर नवागांव हत्याकांड के मामले में फरार आरोपी अभय मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चौकी चिखली के अपराध क्रमांक 486/2025 धारा 296, 333, 189(4), 191(2), 191(3), 103(1), 109(1) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के आरोपी अभय मिश्रा 21 साल तुलसीपुर बख्तावर चाल वार्ड नं. 17 गली नंबर 8 घटना के बाद से फरार चल रहा था। जिसकी लगातार पतासाजी की जा रही थी।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में 28 नवंबर को सूचना पर ग्राम गठुला से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपने साथियों के साथ अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया। घटना में शामिल अन्य 9 आरोपियों एवं 2 अपचारी बालकों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा एवं संरक्षणात्मक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाशचंद्र मरई, प्रधान आरक्षक अरूण कुमार नेताम, आरक्षक आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, नागेश्वर साहू, तामेश्वर भुआर्य, किशोर मार्बल, गोपाल पैकरा एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

## पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मचारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी राजनांदगांव के निर्देशानुसार निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 कार्यक्रम अंतर्गत 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जाना है। जिसके अंतर्गत गणना पत्रक वितरण, मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त करना एवं बीएलओ एप में डिजीटाइज करने का कार्य वार्डों में किया जा रहा है। इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

कार्यक्रम के तहत गणना पत्रक सभी घरों में वितरण कर मतदाताओं से गणना पत्रक को भरवाकर वापस भी लिया जा रहा है। सभी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में समाहित हो तथा कोई पात्र व्यक्ति न छूटे, इस संबंध में महापौर मधुसूदन यादव ने पुनरीक्षण कार्य की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। निर्देशानुसार गुरुवार को नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने पुनरीक्षण कार्य में लगे कर्मचारियों की बैठक लेकर वार्डवार समीक्षा की।



#### पत्रक की संख्या में तेजी लाने के निर्देश

आयुक्त विश्वकर्मा ने वार्डवार पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों से गणना पत्रक वितरण के पश्चात पत्रक वापस प्राप्त करने के संबंध चर्चा कर कहा कि पत्रक वापसी की संख्या कम है, इसमें तेजी लाएं, घर-घर प्रतिदिन संपर्क करें, लोगों को समझाईस दें कि समय पर पत्रक जमा करें अन्यथा वोटर लिस्ट से मतदाता का नाम विलोपित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य में पार्षदों की मदद लें। इसके अलावा मृत मतदाता एवं स्थनांतरित मतदाताओं की सूची तैयार कर बीएलओ को सूची सौंपे तथा किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर भी बीएलओ को अवगत कराएं। उन्होंने राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी से प्रतिदिन प्रगति की जानकारी लेने कहा। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार मतदाता सूची दुरूस्त करने पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखकर कार्य करें। जिससे समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके।

## वार्षिक खेल उत्सव धूमधाम से मना

**राजनांदगांव।** पेंड्री नीरज पब्लिक स्कूल में शाला का 18वां खेल महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। खेल महोत्सव के अंतिम दिन का प्रारंभ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं विद्यार्थियों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलन व मैदान का भ्रमण कर तथा अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया।

एनपीएस द्वारा आयोजित खेल महोत्सव में मुख्य अतिथि अंबर सिंह भारद्वाज रहे। अतिथियों का सम्मान तिलक चंदन एवं पुष्प गुच्छ के साथ हुआ। अतिथियों के सम्मान में शाला के संगीत संकाय विभाग द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। वहीं शाला के खेल प्रभारी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि को सलामी देते मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के मैनेजिंग डॉयरेक्टर कमलेश उभरानी उपस्थित रहे।

शाला के विद्यार्थियों द्वारा पॉमपॉम क्वीन डांस एवं खिलाड़ियों द्वारा कराते प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला पश्चात प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेता प्रतियोगियों को विभिन्न खेल विधा में पदक तथा प्रशस्ति पत्र के साथ पुरस्कृत किया गया। अंत में प्राचार्य भारती गौते द्वारा सबसे अधिक अंक पाने वाले विजेता हाउस की घोषणा की गई। वर्ष 2025-26 खेल वार्षिक महोत्सव के विजेता विनस हाउस और द्वितीय सैटर्न हाउस उपविजेता रही। शाला के खेल प्रभारी हिमांशु यादव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम का संचालन निशात खान एवं लक्ष्मी चौहान ने किया।



### आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

**राजनांदगांव।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक के सचिव एवं बूथ बीएलए विशु अजमानी ने बसंतपुर क्षेत्र के सर्किट हाउस वार्ड क्र. 43 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 का निरीक्षण किया। श्री अजमानी को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में आज अपने प्रभार वाले बूथ क्रमांक 50 एवं 52 का भ्रमण किया गया। श्री आजमानी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक व्यवस्था, पारदर्शिता एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस दौरन पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, हर्ष खोबरागड़े, शुभम कसार, तौशिफ रजा, जीत मेश्राम, अंशल श्रीवास्तव, आशु श्रीवास्तव, अभी गुप्ता, रौशन परिहार आदि मौजूद रहे।



### सहायक शिक्षक निलंबित

**राजनांदगांव।** छुरिया क्षेत्र में शिक्षक के अध्यापन व्यवस्था के विरोध में छात्रों द्वारा किए गए चक्काजाम के बाद इस मामले में जांच कार्रवाई की गई और मामले को सही पाए जाने के बाद शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया।

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय छुरिया के सहायक शिक्षक (विज्ञान) रज्जाक अहमद कुरैशी द्वारा अध्यापन व्यवस्था के विरोध में शाला के छात्रों को आंदोलन हेतु उत्प्रेरित किया गया। जिसके कारण छात्रों द्वारा छुरिया बस्ती के मुख्य चौराहे पर चक्काजाम किया गया। आंदोलन हेतु विद्यार्थियों को उत्प्रेरित करना सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत है, जो कि कदाचरण की श्रेणी में आता है।

अतः जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत रज्जाक अहमद कुरैशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है । वहीं निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव नियत किया गया है।

### माहेश्वरी भवन में रक्तदान शिविर आज

**राजनांदगांव।** स्थानीय माहेश्वरी भवन में कल 29 नवंबर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रक्तदान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को निःशुल्क हेलमेट भेंट किया जाएगा। इस अवसर पर अनुभवी मेडिकल टीम द्वारा सभी जांच की जाएगी। शिविर में डायबिटीज जांच, ऊंचाई एवं वजन जांच की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस सामाजिक कार्य में अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर योगदान देने की अपील की गई है।




## खबर संक्षेप



### प्राचार्य अश्वनी शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया

**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में अश्वनी शर्मा ने 28 नवम्बर को प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा 27 नवंबर को प्राचार्य पद पर जारी पदोन्नति आदेश के परिपालन में कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, कल्पना मरावी, वीणाक्षी नामदेव, प्रधान पाठक गोकुल जायसवाल, समन्वयक रामाधार साहू, शिक्षक अमित शर्मा उपस्थित थे।

### विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**कवर्धा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान आधारित मॉडल, प्रयोग एवं नवाचार प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं आगंतुक विद्यार्थियों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में शिक्षा एवं कृषि विभाग के प्रतिष्ठित अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि के रूप में सहायक संचालक शिक्षा यूआर चंद्राकर, एमआईएस प्रशासक एसके यदु, उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती, डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर कृषि सुशील कुमार वर्मा, सीजीआईटी प्राचार्य विमल सिंह बिंद तथा डीआईईटी से नेताम एवं भारत भूषण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान मॉडल्स का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना की एवं विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच जीवन को सरल, तार्किक एवं व्यवहारिक बनाती है, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम समन्वयक शुभम गर्ग एवं सुश्री विनिता देवांगन द्वारा विद्यालय परिवार के सहयोग से किया गया।

**हादसा:** विद्युत ट्रांसफार्मर से भरे ट्रक और ट्रैक्टर में भिडंत, एनएच किनारे बसे लोग असुरक्षित

# घर में फिर घुसा अनियंत्रित ट्रक बाल-बाल बचा ग्रामीण परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अगर ये कहा जाए कि जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 के किनारे अपना अशियाना बनाकर निवास करने वाले लोगों के जानो माल पर चौबिसों घंटे जीवलेवा खतरा मंडरा रहा है तो कहना गलत नहीं होगा।

जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे में लगातार जिस ढंग से वाहनो के अनियंत्रित होकर लोगों के घरों में घुसने की घटनाएं सामने आ रही हैं उसे देखकर तो यही लगता है। ताजा मामला बीते बुधवार-गुरूवार के दरमियानी रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोड़ी पुलिस चौकी से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 पर स्थित ग्राम राम्हेपुर के पास बीते बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात विद्युत ट्रांसफार्मर भरकर रायपुर की ओर जा रहे एक ट्रक की ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। बताया जाता है कि दोनो वाहनो के बीच हुई भिडंत के बाद तेज रफ्तार ट्रक पर से अज्ञात चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक सीधे सड़क से उतरकर सड़क किनारे बने एक ग्रामीण के मकान में जा घुसा। घटना के वक्त मकान मालिक और उसका परिवार सो रहा था। इसे गनिमत ही कहें की इस हादसे में मकान में मौजूद कोई भी ग्रामीण हताहत नहीं हुआ लेकिन खबर के मुताबिक सड़क दुर्घटना में ट्रक तथा ट्रैक्टर चालक को जरूर चोटे आई हैं। हालांकि इस मामले में अभी तक पुलिस कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी तीन दिन पूर्व ही गत 25 नवम्बर को भी पुट्टी की बोरियों से भरा ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 6670 नेशनल हाईवे 30 से होते हुए जा रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान कवर्धा कोतवाली अंतर्गत रायपुर रोड स्थित मंगलू ढाबा के पास अचानक एक गाय ट्रक के सामने आ गई। तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने गाय को बचाने का प्रयास किया जिसके कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसा और पलट गया। इस सड़क हादसे में जहां ट्रक चालक को चोटे आई थी। वहीं मकान का एक बड़ा हिस्सा तथा ट्रक का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

**सड़क पर असुरक्षित ढंग से खड़ी थी गन्ना से भरी ट्रैक्टर ट्राली**




बताया ताजा है कि चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाले नेशनल हाईवे 30 कवर्धा-रायपुर मार्ग में ग्राम राम्हेपुर के पास एक गन्ना से भी ट्रैक्टर ट्राली सड़क किनारे असुरक्षित ढंग से खड़ी थी। जिसे रात के समय तेज गति से आ रहा ट्रक चालक नहीं देख पाया और उससे टकरा गया। जैसे ही ट्रक और खड़ी ट्रैक्टर ट्राली की भिडंत हुई ट्रक चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित ट्रक घर में जा घुसा।

# प्रशासनिक महकमे के खिलाफ कार्यवाही करना अब आसान नहीं ?

**आश्वासन के बाद पटवारियों की हड़ताल समाप्त**

- पटवारी को निलंबित किया गया तो शुरू की गई हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले में अब शिकवा शिकायतों के आधार पर प्रशासनिक महकमे के खिलाफ कार्यवाही करना भी आसान नहीं रह गया है। फिर चाहे कार्यवाही आला प्र शा स नि क अधिकारी द्वारा की गई हो या फिर शासन के किसी औहदेदार ने की हो। हाल ही में ऐसा ही एक मामला जिले में देखने को मिला है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी कुछ दिन पूर्व ही अपने एक दिवसीय दौरे पर कवर्धा पहुंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स. लोहारा तहसील के ग्रामीण किसानो की शिकायत पर पहनं 15 कुरूवा रानिमं सिल्हाटी तहसील स. लोहारा के पटवारी राजेश शर्मा के निलंबन के निर्देश दिए थे। जिस पर अमल करते हुए स. लोहारा अनुविभागीय अधिकारी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए पटवारी श्री शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। लेकिन बताया जाता है कि इस कार्यवाही के तत्काल बाद 25 नवम्बर से राजस्व पटवारी संघ जिला कबीधाम, अपने साथी पटवारी के निलंबन के विरोध में खड़ा हो गया और तत्काल निलंबन वापसी की मांग को ले क र अनिश्चितकालीन हड़तात शुरू कर दी। पटवारी संघ के इस रूख को देखते हुए शासन-प्रशासन के भी कान खड़े हो गए। पटवारियों की हड़ताल के चलते नामांतरण, नक्शा-बंदी से लेकर ग्रामीण राजस्व सेवाओं तक के कार्य प्रभावित होने लगे। जिसे देखते हुए प्रशासन ने पटवारी संघ से चर्चा की और जब प्रशासन ने निलंबित पटवारी के मामले में सकारात्मक आश्वासन दिया तब कहीं जाकर पटवारियों ने अपनी बेमुद्दत हड़ताल वापस ली और काम पर लौटे। अब देखने वाली बात होगी की आने वाले दिनो में प्रशासन पटवारी संघ की मांग पर निलंबित पटवारी को बहाल करता है या फिर कोई और रास्ता निकालता है।




# समिति के आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ अन्याय का आरोप, सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

हाल ही में खरीफ वर्ष 2025-26 के दौरान सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान समर्थन मूल्य में धान खरीदी को सुचारू रूप से किए जाने के लिए प्रशासन द्वारा आश्वासन देकर जिले की 108 समितियों में नियुक्त किए गए आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटरों को सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल समाप्त होने और काम पर लौटने के बाद कार्य से पृथक कर दिया गया है। जिसका अब इन आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटरों ने विरोध शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक इन आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटरों ने पुनः काम पर रखे जाने की मांग तथा निर्धारित भुगतान की मांग को लेकर गुरूवार को एक ज्ञापन भी कलेक्टर के नाम प्रशासन को सौंपा है। इस संबंध में युवा कांग्रेस विधानसभा कवर्धा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि प्रशासन ने सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान समर्थन मूल्य में धान खरीदी को सुचारू रूप से किए जाने के लिए इन आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटरों को मौखिक आदेश के तहत 3 साल तक काम में ररखने अथवा 6 महीने का वेतन देने का आश्वासन देकर नियुक्त किया था इसके लिए इन कर्मचारियों से बकायदा फार्म भी भरवाया गया था। जिसके बाद इन ऑपरेटरों ने मेहनत से काम शुरू किया, सिस्टम संभाला, किसानों की एंट्री की और धान खरीद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जैसे ही हड़ताल पर गए प्रबंधक और ऑपरेटर अपनी हड़ताल समाप्त कर वापस काम पर लौटे प्रशासन ने इन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। जो इन युवा आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ सरासर अन्याय और इसके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। श्री वर्मा ने इस संबंध में युवाओं के साथ जिला प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर युवाओं को काम पर रखने तथा उन्हें आश्वासन के अनुरूप भुगतान कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विक्की लहरें,मन्नू साहू, सौरभराजपूत, आशीष, महेंद्र, रमेंद्र, टेकराम, मुकेश, प्रहलाद, दीपक, राकेश, धनंजय, रूपेश, टीकाराम, भागवत, प्रमोद, देवेंद्र, मनेन्द्र कौशल, देवेंद्र, प्रमोद, नरेश, दीपक, राहुल सहित बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।



# शासन ने किसानों की सुविधा के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में किया प्रावधान

- किसानों के लिए जरूरी खबर- जिनके खसरे एग्रीस्टेक पोर्टल आईडी में लिंक नहीं, वे समितियों में जाकर करवा सकते हैं अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

धान खरीदी के संबंध में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान शासन द्वारा एग्री स्टेक पोर्टल में किया गया है। जिसके तहत एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत एक से अधिक खसरे वाले ऐसे किसान जिनके सभी खसरों में से कुछ खसरे पोर्टल में उनके एग्रीस्टेक आईडी में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं या लिंक होना शेष रह गए हैं, ऐसे खसरों की पहचान कर समितिवार सूची बनाई गई है, तथा उसे समितियों के बाहर चस्पा किया गया है। किसानों से आग्रह किया जाता है कि वे समितियों में जाकर अपने छूटे हुए खसरों का मिलान कर उसे पोर्टल में लिंक करवा सकते हैं। इसके लिए किसान समितियों के किसान सहायता केंद्र में सुबह 09 से 05 तक समितियों में जाकर वहां के ऑपरेटर अथवा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी हेतु भारत सरकार, कृषि मंत्रालय के एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन अनिवार्य किया गया है। एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान को प्राप्त फार्मर आईडी के साथ उनके फॉर्म आई डी (खसरे) को लिंक किया जाना है। वर्तमान में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत कृषक के ऐसे खसरे जो यूनीफाइड फार्मर पोर्टल में पंजीकृत थे वो कैरी फारवर्ड हो गए है परंतु वो समस्त खसरे एग्रीस्टेक में फार्मर आईडी के साथ लिंक नही है, उनमें से कुछ खसरे लिंक होने रह गए हैं। इन समस्त छुटे हुए खसरों को एग्रीस्टेक पोर्टल में माध्यम से जोड़ा जाना है ताकि समिति स्तर पर ये सभी खसरे खरीदी हेतु उपलब्ध हो सके। कबीरधाम जिले पंजीकृत किसानों के ऐसे 34 हजार 566 खसरे हैं जो किसानों के एग्री स्टेक आईडी में लिंक होने शेष हैं। इन्हें लिंक कराने की प्रक्रिया किसान स्वयं समिति में जाकर करवा सकते हैं। इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित है।

# संविधान दिवस पर मूलनिवासी संघ द्वारा विशाल जनसभा एवं रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

संविधान दिवस के अवसर पर मूलनिवासी संघ कबीरधाम द्वारा अम्बेडकर चौक कवर्धा में एक भव्य सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक के रूप में डॉ. जे. अजीत जिला अध्यक्ष मूलनिवासी संघ कबीरधाम उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता अमरजीत पटेल प्रदेश अध्यक्ष, मूलनिवासी संघ छत्तीसगढ़ ने की। मंच संचालन विपलव साहू ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में शगुन वर्मा समाज सेवक उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा अनंत, अगम दास अनंत, डॉ. नरेश यदु, घनश्याम साहू , जोश थॉमस, लवकेश अहिरवार, राजेंद्र डहरिया, नवीश शालोम, मूलनिवासी सहित कई समाज के जागरूक नेता मंच पर उपस्थित थे। सभा में वक्ताओं ने संविधान और अधिकारों की रक्षा पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक संरक्षण प्रदान करता है। लेकिन वर्तमान में संविधान विरोधी ताकतें इसे कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। विशेष रूप से 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण पर चर्चा करते हुए बताया गया कि राज्यसभा द्वारा पारित प्रस्ताव राज्यपाल के हस्ताक्षर की प्रतीक्षा में 3 वर्षों से लंबित है। सभा के बाद एक रैली निकाली गई तथा कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सभा में लगभग 250 लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं संविधान के मूल्यों को समर्पित रहा।



# रबी फसलों की उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम ठाठापुर में 24 से 26 नवम्बर तक रबी फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में आसपास के ग्रामों से 60 से 70 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खोमलाल कौशिक रहे। विशेष अतिथि के रूप में सोसाइटी अध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सरपंच सुदेश सिंह, ग्राम ठाठापुर के सरपंच गोपाल नेताम एवं शत्रुहन कौशिक उपस्थित थे। प्रशिक्षण में विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. एनसी बंजारा एवं डॉ. सीपी रहांगडाले द्वारा चना, गेहूं एवं मिलेट्स (श्रीअन्न) सहित अन्य रबी फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीक, बीज उपचार, उर्वरक प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा जल प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री खोमलाल कौशिक ने कहा कि वैज्ञानिक तकनीक एवं आधुनिक कृषि विधियों को अपनाकर कृषक कम लागत में अधिक उत्पादन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीपी. त्रिपाठी ने रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए प्राकृतिक खेती को समय की आवश्यकता बताया।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित...




**कवर्धा।** कृषि विज्ञान केंद्र कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम ठाठापुर में किसानो को दिया गया प्रशिक्षण।

**सत्यम जनरल से महावीर स्वामी चौक सीसी रोड निर्माण का किया गया भूमिपूजन**

# सीसी रोड निर्माण होने से व्यापार में आयेगी तेजी: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 23 में सत्यम जनरल स्टोर्स से लेकर महावीर स्वामी चौक तक प्रस्तावित सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद, व्यापारी गणों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यह सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में होने से एवं उखड़ी हुई सड़क के कारण क्षेत्र में धूल, गड्ढों और अव्यवस्थित आवागमन की समस्या बना हुआ था। व्यापारियों एवं स्थानीय परिवारों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग की, जिसे ध्यान में रखते हुए इस मार्ग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, वार्ड पार्षद एवं सभापति रिंकेश वैष्णव, पार्षद डोनेश राजपूत, सौखी आहिरवार, हरीश कुंभकार, जसवंत छाबड़ा अतुल देशलहरा, प्रेमचंद श्रीश्रीमाल, डॉ.अतुल जैन, जसवंत छाबड़ा, कमल आहूजा, अमित शर्मा, हरदीप सलूजा, राजेन्द्र शर्मा, कौशल कौशिक, हामिद सिद्दिकी, सोनू चांवला, सुरजीत सिंह खुराना, गोल्डी बग्गा, श्याम चकोर, द्वारिका गुप्ता, सूचित बोथरा, अविनाश पारख, प्रमोद लुनिया, अनिल लुनिया, प्रतीक लुनिया सहित अधिक संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे।



### समस्याओं का निराकरण ही पहली प्राथमिकता: नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया व्यापारियों से चर्चा करते हुए कहा कि वार्ड क्रमांक 23 का यह मार्ग लंबे समय से नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। आपकी समस्याएं हमारी प्राथमिकता हैं और नगर में जहां भी असुविधा है उसे दूर करने का दायित्व पूरा पालिका टीम का है। नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए हम विभिन्न विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। अब यह सीसी रोड के बन जाने से न केवल धूल और गंदगी की समस्या समाप्त होगी, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी सुगमता मिलेगी। हमारा लक्ष्य है कवर्धा शहर को स्वच्छ, सुंदर व विकसित कवर्धा के रूप में निर्माण करना। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर क्षेत्र के नागरिकों एवं व्यापारियों ने प्रसन्नता व्यक्त शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिला न्यायालय कवर्धा में संविधान दिवस के अवसर पर किया गया प्रस्तावना वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नालसा, सालसा तथा प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे के आदेशानुसार 26 नवम्बर 2025 को संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय कबीरधाम में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय तथा तालुका न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, अधिक्तागण, कर्मचारीगणां द्वारा संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया तथा उक्त तिथि को ही संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायाधीश, अधिवक्तागण, कर्मचारीगणों द्वारा पुनः संविधान के प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में संविधान के विषयों पर उद्बोधन दिया गया। संविधान दिवस के अवसर पर जिला के विभिन्न स्कूलों एवं अन्य संस्थानों में संविधान की प्रस्तावना वाचन, मूल अधिकारों, मूल कर्तव्यों आदि की जानकारी, जागरूकता कार्यक्रम तथा स्कूलों एवं कॉलेजो में निबंध लेखन, नारा लेखन, पेंटिंग, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में 26 नवंबर को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा कवर्धा जिला अन्तर्गत 02 बालक छात्रावास में संविधान दिवस के अवसर पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित छात्रगण को संविधान से संबंधित विषय, बाल शिक्षा, बाल श्रम तथा पाक्सो से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।



## खबर संक्षेप

### वाणिज्य कर निरीक्षक के पद पर संध्या साहू का चयन



**हरिभूमि कोलेगांव।** सफलता मेहनत करने वालों की कदम चूमती है, भले ही जीवन में कितने भी उतार-चढ़ाव आए, अगर कोई सच्ची निष्ठा से अपने लक्ष्य को पाने की मेहनत करता है तो उसे सफल होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ऐसा ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के राज्य सेवा परीक्षा-2024 में संध्या साहू का चयन वाणिज्य कर के पद पर चयन हुआ है। वर्तमान में संध्या साहू महिला एवं बाल विकास अधिकारी के पद पर कुण्डा परियोजना में पदस्थ है। जिनकी चयन होने पर आसपास क्षेत्र के महिलाओं ने खुशी जाहिर कर गुलदस्ता व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### ग्रापं भगतपुर में संविधान दिवस व मितानिन दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत भगतपुर में संविधान व मितानिन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा पंचायत भवन में संविधान दिवस एवं मितानिन दिवस पर मां सरस्वती के छाया चित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए बड़ी धूमधाम मनाया गया। सरपंच कपिल चंद्राकर द्वारा मितानिन को सम्मान के रूप में साड़ी एवं नारियल फल भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होने बताया कि आज मितानिन सभी क्षेत्र में अच्छे कार्य कर रहे हैं, ग्राम पंचायत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया जा रहा है तथा मितानिन का योगदान महत्वपूर्ण रहता है। इस दौरान सरपंच कपिल चंद्राकर, उप सरपंच दिनेश साहू, सचिव उत्तरा कुर्रे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व मितानिन दीदियां सहित पदाधिकारी और ग्राम पंचायत वासी गण उपस्थित थें।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु ग्राम पंचायत सुकली में बैठक आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव/कुण्डा।** मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ स्तर में निरीक्षण कर रहे हैं, उसी कड़ी में शक्ति केंद्र सुकली प्रभारी सेवाराम कुर्रे, सह प्रभारी अश्वनी यदु ने बैठक आहूत कर मतदाता सूची 2003 पिछले एसआईआर के अनुसार भाजपा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी पूर्वक भरने हेतु कहा गया। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताते देश में लोकतंत्र की मजबूती के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम कहा गया। बैठक में सह प्रभारी अश्वनी यदु ने एसआईआर को देश हित में महत्वपूर्ण कदम बताया, उन्होने कहा की कुछ देश विरोधी ताकत घुसपैठियों को देश में आने एवं बसाने में मदद करते हैं फिर गलत तरीके से घुसपैठियों का मतदाता परिचय पत्र बनाकर गलत वोटिंग करवाते हैं, मतदाता पुनरीक्षण से ऐसे लोगों का पहचान होगा और देश विरोधी लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से शक्ति केंद्र संयोजक मालिक राम यादव, सरपंच प्रतिनिधि अनुज दिवाकर एवं समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा फॉर्म भरते समय परीक्षार्थी हुए परेशान




**हरिभूमि कोलेगांव।** जिले के ग्राम मोहतरा कला, कंझेटा, कोलेगांव एवं जिले के विभिन्न परीक्षार्थी व्यापम द्वारा आयोजित सीजी शिक्षक पात्रता परीक्षा में कवर्धा जिला का विकल्प न होने की वजह से परेशान है। सीजी शिक्षक पात्रता परीक्षा फॉर्म भरते समय कबीरधाम जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्र पूर्णतः भर चुके हैं और अब पोर्टल पर कबीरधाम जिला चुनने का विकल्प उपलब्ध नहीं है। परीक्षार्थियों की संख्या को देखते हुए, परीक्षा केंद्र बढ़ाना चाहिए। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 13 नवम्बर से शुरू हुई थी, जिसकी अंतिम तिथि 8 दिसम्बर तक है। अंतिम तिथि से 15 दिन पूर्व ही कबीरधाम परीक्षा केंद्र पूर्णतः भर चुका है। परीक्षार्थी से मिली जानकारी के अनुसार व्यापम की हेल्प लाइन नंबर पे कॉल, करने के बाद भी उनके परेशानी का कोई समाधान नहीं निकला जा रहा। हेल्प डेस्क पर बैठे अधिकारी बोलते है कि, ईमेल में शिकायत लिख कर आवेदन करिए, लेकिन ईमेल पर शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला गया है। जिस पर जिले के शिक्षक पात्रता परीक्षा दिलाने वाले परीक्षार्थी विनय, बबलू, अमन, विकास, हेमंत, अनिल, छन्नू, तोषण, अक्षय, प्रकाश एवं अन्य ने बताया कि परीक्षा केंद्र कबीरधाम उपलब्ध नहीं होने के वजह से हमें मजबूरन रायपुर या बिलासपुर जैसे दूरस्थ जिलों का विकल्प चुनना पड़ सकता हैं, जिससे हमारे समक्ष निम्नलिखित संकट उत्पन्न हो रहे हैं। कबीरधाम जिले में परीक्षार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, तत्काल प्रभाव से नए स्कूलों-कॉलेजों को अतिरिक्त परीक्षा केंद्र बनाया जाए, इससे स्थानीय छात्र अपने गृह-जिले में ही परीक्षा दे सकेंगे और आर्थिक व मानसिक तनाव से मुक्त होकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके।

# स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का कवर्धा में भव्य स्वागत, जन-जागरण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का कवर्धा में ऐतिहासिक एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया।

रथ का शुभारंभ पीजी कॉलेज के सामने स्थित विवेकानंद वाचनालय में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजपा के जसविंदर बग्गा, कैट के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष आकाश आहूजा, कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह खुराना, स्वदेशी जागरण मंच से अतुल देशलहरा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से रवि वर्मा, कैट के जिलाध्यक्ष दीप शर्मा, कैट के कार्यकारी अध्यक्ष वनीत सिंह सलूजा, जिला उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी, लेखुराम चंद्रवंशी, पतंजलि योग पीठ के पदाधिकारी, जितेश सलूजा, कैट के उपाध्यक्ष भागीरथी सिन्हा ने भारत माता के तेल-चित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

तत्पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने भगवा ध्वज दिखाकर रथ को नगर भ्रमण हेतु रवाना किया। पीजी कॉलेज ग्राउंड में विशेष कार्यक्रम विद्यार्थियों ने लिया स्वदेशी संकल्प, रथ सर्वप्रथम पीजी कॉलेज ग्राउंड पहुंचा, जहां विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों के समक्ष एलईडी स्क्रीन के माध्यम से स्वदेशी विचार, भारतीय उत्पादों का महत्व और विदेशी वस्तुओं से होने वाले नुकसान का संदेश प्रदर्शित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को स्वदेशी संबंधी पत्रक वितरित किए गए।

### अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर



नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने उपस्थित जनों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई और युवाओं को भारतीय उत्पादों के उपयोग हेतु प्रेरित किया। वहीं जसविंदर बग्गा ने भी अत्यंत प्रभावी रूप से स्वदेशी के महत्व एवं राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डाला। वहीं पीजी कॉलेज जनभागीदारी के अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रथयात्रा गंगानगर एवं भगवा चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंची, यहां विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री एवं कैट के महामंत्री मनोज सिंह ठाकुर ने स्वदेशी संकल्प पर अपने विचार रखते हुए भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने की अपील की। साथ ही साथ संघ की ओर से व्यापारियों ने स्वदेशी आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। यहां कैट जिला अध्यक्ष दीप शर्मा, कैट कार्यकारी अध्यक्ष वनीत सिंह सलूजा तथा कैट जिला उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी ने भी अपने उत्साहपूर्ण उद्बोधन में स्वदेशी को जीवनशैली में शामिल करने की अपील की।

**स्वास्थ्य :** उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर शिविर में 146 ग्रामीण हुए लाभान्वित

# बोड़ला में निःशुल्क सोनोग्राफी एवं रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित रहती है। शिविर के दौरान कुल 91 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की गई, जिससे हाई रिस्क गर्भावस्था की समय रहते पहचान हो सकी। चिकित्सकों द्वारा प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण, एनीमिया की रोकथाम एवं संस्थागत प्रसव के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। बोड़ला, चिल्फी, रेंगाखार, तरेगांव व झलमला सहित वन क्षेत्रों की महिलाओं ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

शिविर में 146 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, ओपीडीद्ध भी की गई, जिसमें उन्हें निःशुल्क दवाइयां परामर्श एवं आवश्यक उपचार सुविधा उपलब्ध कराई गई। वहीं रक्तदान शिविर में 6 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की। चिकित्सकों ने बताया कि रक्तदान से दुर्घटना, प्रसव एवं शल्य चिकित्सा के दौरान जीवन रक्षा संभव होती है तथा गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को सहारा मिलता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तूरे ने बताया कि उपमुख्यमंत्री के निर्देश और कलेक्टर के मार्गदर्शन में इस प्रकार के शिविर लगातार आयोजित किए जा रहे है। जिससे अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच सुनिश्चित हो सके। वहीं बीएमओ डॉ पुरुषोत्तम राजपूत ने कहा कि सोनोग्राफी द्वारा हाई रिस्क गर्भावस्था की पहचान जल्दी हो जाती है, जो वनांचल क्षेत्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस शिविर से बोड़ला सेक्टर के मंडलटोला, खरिया, बैरक, बोड़ला, पोंड़ी सेक्टर के राम्हेपुर, सारंगपुरकला, कुसुमघटा, पोंड़ी, बैजलपुर सेक्टर के खंडसरा, भलपहरी, मढ़ाडाबरी, मड़मढ़ा, बैजलपुर आदि ग्रामों के ग्रामीण लाभान्वित हुए।

### दूरस्थ क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें: श्री शर्मा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को और अधिक मजबूत किया जा सके। समग्र रूप से यह शिविर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा। ग्रामीणों ने सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।



# बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली प्रचंड जनादेश

- दिल्ली में आयोजित प्रवासी प्रभारियों के अभिनंदन समारोह में शामिल हुई : विधायक भावना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में एनडीए को मिली प्रचण्ड जीत पश्चात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के द्वारा दिल्ली में आयोजित प्रवासी प्रभारियों की बैठक एवं अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक श्रीमती भावना बोहरा। हाल ही में बिहार में हुए विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली ऐतिहासिक जीत के पश्चात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा दिल्ली के अपने सरकारी आवास पर प्रवासी प्रभारियों की बैठक एवं अभिनंदन समारोह रखा गया था, उक्त बैठक में छत्तीसगढ़ विधानसभा एवं पंडरिया के उत्कृष्ट विधायक एवं बिहार चुनाव के प्रवासी प्रभारी भावना बोहरा शामिल हुई, वही केंद्रीय मंत्री एवं बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा से सौजन्य भेंट-मुलाकात कर एनडीए गठबंधन की प्रचण्ड जनादेश मिलने की एवं नए दायित्व की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कुशलक्षेम ली। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष द्वारा संगठनात्मक विषयों व पर पार्टी नेतृत्व में आगामी कार्यक्रमों व रणनीतियों पर मार्गदर्शन प्रदान किए। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं बल्कि राष्ट्रभावना संगठन शक्ति और संस्कारों का जीवंत प्रतीक है जहां हर एक कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है। श्रीमती बोहरा ने कहा अभिनंदन समारोह में मुझ कार्यकर्ता को केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्राप्त इस सम्मान के लिए आभार वक्त किया।

# मुख्यमंत्री के निर्णयों से किसानों का बढ़ा सम्मान व भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य सरकार द्वारा लागू की गई पारदर्शी, सरल और किसान-हितैषी धान खरीदी व्यवस्था ने गांव-गांव के किसानों के जीवन में स्थिरता और भरोसा स्थापित किया है। इसी व्यवस्था से लाभान्वित हुए हैं कबीरधाम जिले के ग्राम छिरहा के ग्रामीण किसान मालिक पटेल, जिन्होंने इस वर्ष कुल 34.40 क्विंटल धान का विक्रय समर्थन मूल्य पर किया। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में धान खरीदी की प्रक्रिया इतनी व्यवस्थित और भरोसेमंद हो गई है कि हर वर्ष धान बेचने का इंतजार उत्सव की तरह होने लगा है।

मालिक पटेल बताते हैं कि प्रति एकड़ 21 क्विंटल की सीमा और 3100 रूपए प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य ने खेती को न सिर्फ सुरक्षित बल्कि लाभकारी बना दिया है। वे कहते हैं कि धान विक्रय से मिली आय से परिवार का सालभर का खर्च, खेत की लागत, बच्चों की पढ़ाई और सामाजिक जिम्मेदारियाँ सभी आसानी से पूरी हो जाती हैं। सबसे बड़ी सुविधा यह है कि धान की राशि सीधे बैंक खाते में पहुंच जाती है, जिससे बीज, खाद, जुताई और अन्य कृषि कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आती। खेती समय पर और सुचारू रूप से पूरी हो जाती है। वे बताते हैं कि खेती अब केवल गुजारा चलाने का साधन नहीं रही, बल्कि बचत और भविष्य को सुरक्षित करने का मजबूत आधार बन गई है।

# सरपंच ने पेंड्रीकला में एसआईआर टीम को उत्कृष्ट कार्य के लिए मोमेंटो देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



क्षेत्र में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य देश के 12 राज्य में तेजी से चल रहा है, यही कार्य छत्तीसगढ़ में भी एसआईआर टीम के द्वारा सभी जिलों में प्रगति पर है, इसी कड़ी में जिला कबीरधाम के विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य टीम के द्वारा तन्मयता पूर्वक किया गया एवं जिला में कार्य को समय-सीमा के पूर्व पूर्ण करने पर जिला कलेक्टर के द्वारा पेंड्रीकला के बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस टीम के उत्कृष्ट कार्य को लेकर ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के सरपंच श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर द्वारा मोमेंटो एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। टीम में अभिहित अधिकारी बैजनाथ चंद्राकर, श्रीमती बिंदा बंजारे, श्रीमती संतोषी चंद्राकर, श्रीमती तिलोचनी चौहान, रामप्रसाद सिंगरौल, श्रीमती मनीषा डाहिरे इसी मंच पर टीम को सहयोग करने पर अभिहित अधिकारी बैजनाथ चंद्राकर एवं टीम द्वारा दिनेश पाण्डेय, सूरज चंद्राकर, शिवा तिवारी, सुनील चंद्रवंशी को अपनी ओर से पेन एवं डायरी देकर सम्मानित किया गया। पंचायत के मितानिन श्रीमती राजकुमारी चंद्राकर, श्रीमती सुरुचि चंद्रवंशी, श्रीमती कल्पना कश्यप को साड़ी श्रीफल देकर सम्मानित किया गया तथा समय पूर्व कार्य को कुशलता पूर्वक करने पर ग्रामवासी पंचायत प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों के द्वारा इन्हें सभी जगह बधाई दिया जा रहा है, सम्मान समारोह का संचालन संतोष चंद्रवंशी के द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया।

सामाजिक-आर्थिक प्रभाव रोकथाम के लिए प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई

# महिला एवं बाल विकास विभाग व एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के द्वारा बाल विवाह मुक्त वार्षिक उत्सव संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग और एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के संयुक्त तत्वाधान में जिले के शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बोड़ला में बाल विवाह मुक्त वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें जन प्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारी, कर्मचारी और विद्यालय के बच्चों को दिलाया गया बाल विवाह मुक्त कबीरधाम बनाने की शपथ लिया, जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रभाव के लिए विचार साझा किया। जिस पर विद्यार्थियों द्वारा नाटक, गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जन जागरूक किया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के द्वारा बाल विवाह की स्थिति, कानून और इसके सामाजिक-आर्थिक प्रभाव और रोकथाम के लिए प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी गई। अतिथियों के द्वारा बताया गया कि कानून के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के की शादी कराना दंडनीय अपराध है, बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा बाल संरक्षण तंत्र के माध्यम से त्वरित हस्तक्षेप, उम्र सत्यापन और परिवारों से संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस कार्यक्रम में बताया गया कि समय से पहले विवाह होने पर बच्चों की शिक्षा अक्सर बाधित हो जाती है। शादी के बाद घरेलू जिम्मेदारियों के कारण स्कूल तथा कॉलेज की पढ़ाई रुक जाती है, जिससे आगे चलकर रोजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों ने कम उम्र में गर्भधारण से कुपोषण, एनीमिया और प्रसव संबंधी जटिलताओं का जोखिम बढ़ने संबंधी जानकारी दी। साथ ही किशोरी स्वास्थ्य दिवस, पोषण सपोर्ट और नियमित स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाओं को भी रेखांकित किया गया। बाल विवाह मुक्त वार्षिक उत्सव कार्यक्रम बोड़ला क्षेत्र के सम्माननीय जनप्रतिनिधि, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक- शिक्षिकाएं सहित बड़ी संख्या में नगरवासी के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### पीजी कॉलेज कवर्धा में विश कमेटी ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस




**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहब शासकीय पीजी कॉलेज कवर्धा में प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस का आयोजन विश कमेटी द्वारा किया गया। जिसमे श्रीमती मोनिका सिंह परिहार के मुख्य अथिति एवं मुख्य स्रोतवक्ता के रुप में शामिल हुए, वहीं डॉ ऋचा मिश्रा की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा, राजगीत के साथ कार्यक्रम कि शुरुआत की गई। स्वागत भाषण विश कमेटी की संयोजक डॉ सीमा मंडावी द्वारा दिया गया, जिसमे उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के इतिहास, समाज में महिलाओं के साथ होने वाले हिंसा के प्रकार, पीड़ित महिला की मदद किए जाने किए जाने के तरीकों के बारे में में बताया। डॉ ऋचा मिश्रा ने समाज में हो रहे महिलाओं से हिंसा के प्रकरण के बारे में बताकर, छात्र-छात्राओं को जन जागरूक होने, इससे लड़ने और रोकथाम के लिए प्रेरित किया। श्रीमती मोनिका सिंह परिहार ने महिलाओं से हिंसा से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं ने बताए गए विभिन्न धाराओं से संबंधित प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को शांत किया। मंच संचालन श्रीमती चंचल साहू और आभार प्रदर्शन डॉ सीमा मंडावी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक नरेंद्र कुमार कुलमित्र, श्रीमती आकांक्षा वर्मा, डॉ कविता कन्नौजे सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।